वर्ष 24, अंक 108, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 28 अक्टूबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### अब देश के 12 राज्यों में शुरू होगा दूसरा फेज

## SIR पर चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया बड़ा ऐलान




**नई दिल्ली**

**मुख्य** चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का दूसरा चरण 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा। कुमार ने सटीक कार्यक्रम या क्षेत्रों के नाम बताए बिना कहा एसआईआर का दूसरा चरण 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में चलाया जाएगा। एसआईआर अभ्यास का उद्देश्य देश भर में आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूचियों में सटीकता और समावेशिता सुनिश्चित करना है।

SIR के प्रमुख कार्य

चुनाव आयोग के अनुसार, प्रत्येक मतदान केंद्र पर लगभग 1,000 मतदाता हैं।

प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ स्तरीय अधिकारी (BLO) होता है।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कई मतदान केंद्र होते हैं।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ERO) होता है।

ERO एक उप-मंडल मजिस्ट्रेट (SDM) स्तर का अधिकारी होता है, जो कानून के अनुसार:

निर्वाचक नामावलियों का मसौदा तैयार करता है,

दावों और आपत्तियों को प्राप्त करता है और उन पर निर्णय लेता है, और

अंतिम निर्वाचक नामावलियाँ तैयार करता है और प्रकाशित करता है।

प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (AERO) होते हैं।

जिला मजिस्ट्रेट, एफ्ढ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील की सुनवाई करता है।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डीएम के निर्णय के विरुद्ध द्वितीय अपील की सुनवाई करते हैं।

एसआईआर की क्या जरूरत है?

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हर चुनाव से पहले एसआईआर की जरूरत होती है क्योंकि राजनीतिक दल मतदाता सूचियों की गुणवत्ता से जुड़े मुद्दे उठाते रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, "1951 से 2004 तक आठ बार एसआईआर किया जा चुका है। पिछली एसआईआर 21 साल से भी ज्यादा समय पहले 2002-2004 में की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि बिहार में एसआईआर का पहला चरण शून्य अपील के साथ पूरा हो गया।

## घी, तेल और वाइन... मर्डर को बना दिया हादसा

### फॉरेंसिक साइंस की छात्रा का कातिलाना प्लान जान पुलिस के उड़े होश

**तिमारपुर**

**दिल्ली** के तिमारपुर इलाके में जिस आग ने एक कमरे को राख में बदल दिया था, वही आग अब एक ऐसी हैरतअंगेज साजिश का पदार्फाश कर गई है जिसे जानकर न केवल लोग बल्कि पुलिस भी हैरान है. जांच में सामने आया कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या थी. इस खौफनाक साजिश की मास्टरमाइंड वह लड़की निकली जो खुद अपराध सुलझाने की पढ़ाई कर रही थी.

बीएससी फॉरेंसिक साइंस की यह छात्रा, अपराध विज्ञान की किताबों को पढ़ कर लोगों को न्याय दिलाने का काम करने वाली थी, लेकिन अब वह खुद कटघरे में खड़ी है.

दिल्ली पुलिस ने नॉर्थ जिले के तिमारपुर इलाके में हुई इस सनसनीखेज हत्या का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें एक 21 वर्षीय लड़की अमृता चौहान भी शामिल है, जो बीएससी फॉरेंसिक साइंस की छात्रा है. लड़की ने ही अपने परिचित, वढरउ की तैयारी कर रहे 32 वर्षीय रामकेश मीणा की हत्या की साजिश रची और उसका गला घोंटने के बाद उसे आग में झोंक दिया.





आग में लाश, पीछे छिपी कहानी

डीसीपी राजा बांठिया ने बताया कि, 6 अक्टूबर की रात तिमारपुर की एक बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर आग लगने की सूचना मिली थी. जब फायर ब्रिगेड पहुंची तो उन्हें राख के ढेर में झुलसा हुआ एक शव मिला. शुरूआत में सबको यह हादसा लगा, लेकिन जब फॉरेंसिक जांच हुई तो कुछ और ही कहानी निकल कर सामने आई. सीसीटीवी फुटेज में दो नकाबपोश युवक और बाद में एक लड़की एवं एक युवक को बिल्डिंग से निकलते देखा गया. इससे पुलिस का शक गहराने लगा.

मोबाइल लोकेशन ने खोला राज, हत्या में बदल गई जांच

वहीं, मृतक के परिवार ने घटना को संदिग्ध बताया तो पुलिस ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाले. यहीं से सामने आया अमृता चौहान का नाम, जिसका मोबाइल लोकेशन घटना वाली रात उसी इलाके में था. इसके बाद मामला आगजनी से सीधा हत्या में तब्दील कर दिया गया।

## वासुदेव घाट में पीएम मोदी की यात्रा पर कांग्रेस का निशाना

**नई दिल्ली**

छठ महापर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यमुना तट स्थित वासुदेव घाट पर जाने की घोषणा ने राजनीतिक गलियारों में नई हलचल मचा दी है. दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इसे राजनीतिक अवसरवाद करार देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा धार्मिक भावना नहीं, बल्कि बिहार चुनाव से जोड़कर देखा जाना चाहिए.

देवेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में कभी भी छठ पर्व पर अपनी धार्मिक आस्था का प्रदर्शन नहीं किया. उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार घाट पर जाकर अर्घ्य देने का निर्णय प्रधानमंत्री की एक सोची-समझी चुनावी रणनीति है, ताकि बिहार में पार्टी की स्थिति को संभाला जा सके. यादव ने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का वासुदेव घाट दौरा हार को टालने की अंतिम कोशिश है.

दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर भी निशाना साधा।

## पसलियों में इंटरनल ब्लीडिंग के कारण ICU में पहुंचे श्रेयस अय्यर

**नई दिल्ली**

**ऑस्ट्रेलिया** के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान भारतीय टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर को मैदान पर गंभीर चोट लग गई. रिपोर्ट्स के मुताबिक, मैच के दौरान उन्हें पसलियों में चोट लगी, जिससे उनके शरीर में इंटरनल ब्लीडिंग शुरू हो गई. चोट की गंभीरता को देखते हुए उन्हें तुरंत सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें



आईसीयू में रखा है.

यह खबर सामने आने के बाद लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा है कि आखिर इंटरनल ब्लीडिंग होती क्या है, यह कितनी खतरनाक हो सकती है।

## गाजीपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में गंगा नदी में डूबने से एक महिला और बच्चे की मौत

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के गाजीपुर जिले में सोमवार को दो अलग-अलग घटनाओं में गंगा नदी में नहाते समय एक महिला और बच्चे की डूबकर मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गहमर इलाके के गोविंद राय की रहने वाली पुष्पा देवी छठ पूजा के लिए वेदी बनाने गंगा घाट पर गई थी और उसकी बेटी गायत्री (12) तथा एक और बच्चा रोहन राजभर (11) उसके साथ था।

## उत्तर बंगाल में दुधिया वैकल्पिक पुल तैयार, सोमवार से यातायात बहाल होगा: ममता

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुधिया में ह्यह्यूम पाइपह्न से बनाए जा रहे वैकल्पिक पुल का निर्माण पूरा होने की रविवार को घोषणा की। यह पुल दार्जिलिंग जिले के मिरिक को सिलीगुड़ी से जोड़ेगा। दार्जिलिंग जिले में इस महीने की शुरूआत में भारी बारिश के कारण हुई भूस्खलन की घटनाओं से विभिन्न बुनियादी ढांचे और सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। ममता ने कहा कि अस्थायी पुल पर सामान्य यातायात सोमवार से बहाल हो जाएगा। उन्होंने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में लगातार काम के जरिये 468 मीटर लंबे पुल का निर्माण कार्य 16 दिनों के भीतर पूरा कर लिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, इस पुलिस के



निर्माण में 1200 मिलीमीटर व्यास के कुल 132 ह्यूम पाइप का इस्तेमाल किया गया है।

## आवारा कुत्तों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को किया तलब

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने पश्चिम बंगाल, दिल्ली और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को आवारा कुत्तों से संबंधित मामले में अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहने पर अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने चेतावनी दी कि अगर अधिकारी अगली सुनवाई की तारीख, 3 नवंबर को पेश नहीं हुए तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने उन राज्यों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की जिन्होंने पशु जन्म



नियंत्रण नियम, 2023 के कार्यान्वयन पर हलफनामा प्रस्तुत नहीं किया है। अब तक केवल पश्चिम बंगाल, दिल्ली और तेलंगाना ने ही इसका अनुपालन किया है।

पीठ ने कहा कि अधिकारियों को मीडिया कवरेज के माध्यम से मामले की जानकारी होनी चाहिए थी। पीठ ने कहा क्या अधिकारियों ने अखबार या सोशल मीडिया नहीं पढ़ा? क्या उन्होंने नहीं पढ़ा, अगर उन्हें सूचना नहीं दी गई तो भी उन्हें यहाँ होना चाहिए था। सभी मुख्य सचिव 3 नवंबर को यहाँ उपस्थित रहें... हम सभागार में अदालत लगाएँगे। पीठ ने चेतावनी दी कि अगर मुख्य सचिव पेश नहीं हुए, तो अदालत उन पर जुमार्ना लगाएगी या कठोर कार्रवाई करेगी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा कि लगातार ऐसी घटनाएँ हो रही हैं और देश की छवि विदेशों की नजरों में धूमिल हो रही है। हम भी समाचार रिपोर्टें पढ़ रहे हैं।

जब एक वकील ने कुत्तों के प्रति क्रूरता का ज़िक्र किया, तो अदालत ने जवाब दिया इंसानों के प्रति क्रूरता का क्या?

## अर्थी निकालनी है तो सरकार की निकालो, योगी की निकालो

### सीएमएस के इस बयान पर यूपी सरकार ने लिया बड़ा एक्शन, किया निलंबित





**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश सरकार ने सुल्तानपुर में 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय वीर सिंहपुर के कार्यवाहक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ भास्कर प्रसाद को निलंबित कर दिया है और उन्हे अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अयोध्या मंडल से सम्बद्ध किया है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के स्तर से जारी आदेश में डॉ भास्कर प्रसाद पर तीन आरोप लगाए गए हैं। जिनमे अस्पताल के संचालन में अनियमितता और अवांछित टिप्पणियाँ करना, भर्ती मरीजों को अस्पताल के बाहर से दवाइयाँ दिलाना, तथा बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में नियमों का पालन न करना शामिल है। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निलंबन की अवधि में डॉ. भार्स्कर प्रसाद का मुख्यालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या मंडल कार्यालय रहेगा। उन्हें इस अवधि में किसी अन्य विभागीय या व्यावसायिक कार्य में शामिल नहीं होने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे वीर सिंहपुर सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर शुक्रवार से प्रदर्शन कर रहे थे। शनिवार को प्रभारी सीएमएस भास्कर उनसे बातचीत के लिए पहुंचे थे। आप के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि अगर अस्पताल की व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो आपकी अर्थी निकालेंगे। इसके बाद सीएमएस भास्कर ने कहा था ह्ल अर्थी निकालना है तो सरकार की निकालो, योगी की निकालिये। सीएमएस और सीएमओ की क्यों। प्रभारी सीएमएस भास्कर की सरकार के खिलाफ विवादित टिप्पणी का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा विधायक राज प्रसाद उपाध्याय पहुंचे। वहां पर उन्होंने अव्यवस्थाओं की जायजा लिया। रविवार को एडी स्वास्थ्य अयोध्या, डॉ. बृजेश कुमार सिंह चौहान, जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने बंद कमरे में जांच की और मरीजों से बातचीत में यह माना कि दवाएं बाहर से खरीदी जा रही हैं।

## 'वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देंगे'

**बिहार**

**विपक्षी** गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि अगर बिहार में आरजेडी सत्ता में आई तो वक्फ (संशोधन) अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। मुस्लिम बहुल कटिहार, किशनगंज और अररिया जिलों में लगातार जनसभाओं को संबोधित करते हुए, यादव ने कहा कि उनके पिता और राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने देश की सांप्रदायिक ताकतों से कभी समझौता नहीं किया। समाचार एजेंसी पीटीआई ने तेजस्वी के हवाले से कहा "लेकिन मुख्यमंत्री



नीतीश कुमार ने हमेशा ऐसी ताकतों का समर्थन किया है और उन्हीं की वजह से आरएसएस और उसके सहयोगी संगठन राज्य के साथ-साथ देश में भी सांप्रदायिक नफरत फैला रहे हैं। भाजपा को 'भारत जलाओ पार्टी' कहा जाना चाहिए। अगर आरजेडी राज्य में सत्ता में आई तो हम वक्फ अधिनियम को कूड़ेदान में फेंक देंगे।"

वक्फ (संशोधन) अधिनियम अप्रैल में संसद द्वारा पारित किया गया था। सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने इस कानून को पिछड़े मुसलमानों और महिलाओं के लिए पारदर्शिता और सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम बताया है, जबकि विपक्ष ने इसकी आलोचना करते हुए आरोप लगाया है कि यह मुसलमानों के अधिकारों का हनन करता है।

वक्फ अधिनियम और उससे जुड़ा विवाद

वक्फ (संशोधन) अधिनियम अप्रैल में संसद द्वारा पारित किया गया था।

## 28 अक्टूबर को पंजाब सरकार की कैबिनेट बैठक



**चंडीगढ़। पंजाब** सरकार की कैबिनेट बैठक मंगलवार को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री के चंडीगढ़ स्थित आवास पर आयोजित की जाएगी। बैठक में श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी शताब्दी समारोह की तैयारियों सहित कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक और नीतिगत मुद्दों पर चर्चा तथा निर्णय लिए जा सकते हैं। इस बीच, तरनतारन उपचुनाव के कारण प्रदेश में आचार संहिता लागू है। ऐसे में सरकार कोई ऐसा निर्णय नहीं लेगी जिससे चुनाव परिणामों पर असर पड़े। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, जनता को राहत देने वाले कुछ प्रस्तावों पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा, नई भर्तियों से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी के लिए कैबिनेट के समक्ष रखा जाएगा।

## मुख्य मुकाबला तो इन दोनों के ही बीच...

### Bihar Election से पहले प्रशांत किशोर ने कर दिया तेजस्वी-कांग्रेस के होश उड़ाने वाला दावा

**बिहार**

**राजद** नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव आज बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जनसमर्थन जुटाने हेतु सारण में एक रैली करेंगे। इससे पहले, कटिहार में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, तेजस्वी ने कहा कि अगर बिहार में महागठबंधन सत्ता में आई तो वक्फ अधिनियम को 'कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा। वही दूसरी तरफ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने एनडीए सहयोगी चिराग पासवान के आवास पर गए। मीडिया से बात करते हुए, चिराग ने कहा कि लोजपा (रालोद) और जदयू के बीच सब ठीक है। उन्होंने कहा कि एनडीए राज्य में सरकार बनाएगा और उनकी जीत पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी। बिहार विधानसभा चुनाव 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में होंगे। मतगणना 14 नवंबर को होगी।

जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा कि महागठबंधन तीसरे स्थान पर है और मुकाबला एनडीए और उनकी पार्टी के बीच है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के चुनावी वादे के बारे में पूछे जाने पर, जन सुराज के संस्थापक ने कहा कि पिछले 5 दिनों में तेजस्वी यादव द्वारा की गई घोषणाओं का कोई मतलब नहीं है। हम हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। महागठबंधन तीसरे स्थान पर है। मुकाबला एनडीए और जन





सुराज के बीच है। पिछले 5 दिनों में तेजस्वी यादव द्वारा की गई घोषणाओं का कोई मतलब नहीं है। वे प्रासंगिक बनने और चुनाव में आगे आने के लिए ये सब कह रहे हैं। कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इससे पहले रविवार को मधुबनी में एक चुनावी रैली में पत्रकारों से बात करते हुए, जन ??सुराज के संस्थापक ने दावा किया कि मतदाता नीतीश कुमार-भाजपा और लालू यादव-राजद के बीच भय-जनित विकल्पों से आगे बढ़ रहे हैं और बिहार के युवाओं पर केंद्रित एक नेतृत्वविहीन, जाति-निरपेक्ष विकल्प पेश कर रहे हैं।

आप बिहार में एक नया राजनीतिक इतिहास बनते देखेंगे, और वह युग जो यहाँ 30 वर्षों से चला आ रहा था, जहाँ लोग लालू जी के डर से नीतीश कुमार-भाजपा को और भाजपा के डर से लालू यादव को वोट देते थे, अब समाप्त हो रहा है। बिहार में एक नया विकल्प उभर रहा है।

# जारी में अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



अखंड भारत संदेश

**जारी।** लोक आस्था के महापर्व छठ के तीसरे दिन जारी बाजार में गल्ला मंडी समित के पास छठ घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा । नदी, तालाब और पोखरों के तट भक्ति गीतों और दीपों की रोशनी से आलोकित हो उठे। सुधीर साहू , सुबोध साहू ,शिव बाबू अग्रहरि , संजय साहू अनुराधा गुप्ता पूजा गुप्ता, नीलम गुप्ता, अन्य व्रतधारियों ने परिवार की सुख-समृद्धि और समाज की मंगलकामना के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। इस दिन महिलाएं अपने बच्चों की सुख समृद्धि की कामना करती हैं वह जिनके बच्चे नहीं होते हैं या किसी भी तरह की मनोकामना होती है तो इस दिन मन्नत मांगने से मनोकामना की पूर्ति भी होती है महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सजधजकर पूजा अर्चना की, वहीं पुरुषों और बच्चों ने श्रद्धा भाव से सहयोग किया।

# उग्रसेनपुर में श्रीराम-सुग्रीव मित्रता बाली वध, लंका दहन का मंचन

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** ॐ साईनाथ रामलीला मंडल विश्वम्भरपुर मिजार्पुर उग्रसेनपुर के तत्वावधान में चल रही रामलीला मंचन में सीता हरण, राम-सुग्रीव की मित्रता, बाली वध और लंका दहन का जीवंत मंचन किया गया। लीला में हनुमान जी श्रीराम की अपने राजा सुग्रीव से मित्रता कराते हैं सुग्रीव भगवान राम को अपने भाई बाली के बारे में बताते हैं, भगवान राम बाली का वध करने की बात करते हैं। बाली और सुग्रीव के युद्ध के दौरान दोनों भाइयों के एक जैसा दिखने पर भगवान राम परेशान हो जाते हैं भगवान श्रीराम सुग्रीव को दोबारा युद्ध करने के लिए भेजते हैं और बाली का वध कर देते है। बाली का वध करने के बाद भगवान राम हनुमान को लंका में सीता जी की कुशलता लेने के लिए भेजते हैं। जहां पर हनुमान अशोक वाटिका का तहस-नहस कर देते है, जिससे रावण अपने पुत्र मेघनाथ को भेजता है और हनुमान को पकड़कर लाने का आदेश देता है मेघनाथ हनुमान को पकड़ कर दरबार में लेकर आ जाते है जहां रावण और हनुमान के बीच संवाद होता है। जिससे रावण क्रोधित होकर अपनी राक्षस सेना को हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देते हैं हनुमान जी पूंछ में आग लगने के बाद पूरी लंका को जलाकर स्वाहा कर देते हैं। समुद्र में कूद कर अपनी पूंछ की आग बुझाने के बाद सीता माता की निशानी चूड़ामणि लेकर वह वापस लौट जाते हैं। रामलीला मंचन के सहयोगियों एवं पात्रों में हनुमान का अभिनय मंडल के डायरेक्टर पुष्पेंद्र सिंह धनंजय ने दमदार प्रदर्शन किया जिससे रामलीला पंडाल भाव विभोर हो उठा। इस अवसर पर मंडल के संयोजक पंडित योगेश शर्मा, अध्यक्ष मुरलीधर शर्मा, कोषाध्यक्ष अंकुश दूधनाथ उपाध्याय, मंत्री भोलानाथ भौरहा, महामंत्री अशोक मिश्रा, उपमंत्री आचार्य विनोद शंकर दुबे, सचिव प्रदीप कुमार शुक्ला, शेषधर शर्मा, जयप्रकाश शुक्ला, केतन उपाध्याय, उत्कर्श पांडेय, हरिओम मिश्रा, आर्यन शुक्ला सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### जीवन के रंग साहित्यकारों के संग लेखक डॉ भगवान प्रसाद को मिलेगा लोकरंजन सम्मान




**प्रयागराज।** तिष्ठित लोकरंजन सम्मान सहित त्रिवेणी ग्रामोद्योग उत्थान समिति और लोकरंजन प्रकाशन प्रयागराज द्वारा दिए जाने वाले विभिन्न नामित सम्मान आगामी एक नवम्बर शनिवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गंगा नाथ झा परिसर आजाद पार्क में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में देश भर से चयनित बीस से अधिक साहित्यकारो को दिये जाएंगे। उपरोक्त जानकारी लोकरंजन प्रकाशन प्रयागराज द्वारा दी गई है जिसमें बताया गया है कि सम्मान समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक ललित कुमार त्रिपाठी करेंगे और मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान की प्रधान संपादक और सुविख्यात साहित्यकार डॉ अमिता दुबे होंगी। विशिष्ट अतिथि डॉ एच पी पाण्डेय अध्यक्ष ब्लू प्लैनेट सोसायटी प्रयागराज रहेंगे। प्रकाशन द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि समारोह प्रातः दस बजे शुरू कर दिया जाएगा जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उड़ीसा , झारखंड, महाराष्ट्र , छत्तीसगढ़ और गुजरात से प्राप्त प्रविष्टियों में चयनित बीस साहित्यकार सम्मानित किए जाएंगे। प्रयागराज से डा० भगवान प्रसाद उपाध्याय की पुस्तक – जीवन के रंग साहित्यकारों के संग (संस्मरण), सम्पदा मिश्रा की पुस्तक अंगारों पर चलना सीखो (काव्य संग्रह), ब्रह्मा नंद मिश्रा की पुस्तक संघर्षों की गाथा (संस्मरण) तुलसी देवी तिवारी की पुस्तक पुकार जगन्नाथ की (संस्मरण) सहित कुल बीस साहित्यकार सम्मानित किए जाएंगे।

### जंघई में धर्म परिवर्तन, सरायममरेज पुलिस ने किया मुकदमा पंजीकृत

**जंघई।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड प्रतापपुर द्वारा पुलिस चौकी जंघई एवं सरायममरेज थाना में प्रार्थना पत्र देकर यह बताया कि प्रतिदिन शुक्रवार दोपहर 1 बजे जंघई रेलवे फाटक के पास चंगाई सभा लगाकर लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। सूचना पर पुलिस चौकी जंघई स्टाफ मौके पर पहुंचकर धर्म परिवर्तन का भंडाफोड़ कर दिया। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि जंघई रेलवे फाटक पर रहने वाली महिला मालती देवी पत्नी राजेंद्र प्रसाद हिंदू समाज के भोले भाले लोगों को चंगाई सभा में लालच देकर, हिंदू देवी देवताओं के प्रति अभद्र टिप्पणी करते हुए ईसाई धर्म में परिवर्तन कराती है। विश्व हिंदू परिषद के प्रार्थना पत्र पर सरायममरेज पुलिस ने उचित धारा में मुकदमा पंजीकृत करके मालती देवी को जेल भेज दिया। इस संदर्भ में नियुक्त जांच अधिकारी एवं चौकी इंचार्ज जंघई उमाकांत ने कहा है कि मामले की जांच चल रही अन्य दोषियों को भी बक्सा नहीं जाएगा।

### सरायममरेज पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जंघई।** सरायममरेज पुलिस ने दो अभियुक्तों चकहौदा गांव निवासी अरूण कुमार पटेल उर्फ बाबा पुत्र दयाराम पटेल उर्फ गयाराम उम्र करीब 23 वर्ष एवं दारा सिंह पुत्र स्व. अवधेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम भेलखा थाना सरायममरेज कमिश्नरेट प्रयागराज उम्र करीब 55 वर्ष को धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया है यह जानकारी नवागत एसएचओ सरायममरेज अतुल मिश्रा ने दिया है।

### सांप के डसने से बच्ची की मौत,परिवार में पसरा मातम



**कौंधियारा।** यमुना पार के सोढिया-बेनीपुर गांव में सोमवार को तीन वर्षीय सृष्टि पुत्री इंद्रेश कुमार की सांप के डसने से मौत हो गई। बताया गया कि सृष्टि घर के आंगन में खेल रही थी, तभी झाड़ियों से निकले जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिजन झाड़-फूंक कर इलाज कराने ले गए, लेकिन हालत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मौसम का बदलता मिजाज सेहत पर भारी : डॉ. प्रभाकर



**शंकरगढ़।** इन दिनों मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ने लगा है। दिन में गर्मी और रात में ठंडक के कारण सर्दी, खांसी, बुखार तथा निमोनिया के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।प्रज्ञा हॉस्पिटल शंकरगढ़ के संचालक डॉ. प्रभाकर सिंह ने बताया कि मौसम के इस उतार-चढ़ाव का सबसे अधिक असर बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस समय संक्रमण बहुत तेजी से फैलता है, इसलिए माता-पिता को बच्चों की सेहत को लेकर विशेष सावधानी रखनी चाहिए। सर्दी-जुकाम या बुखार की अनदेखी करने पर यह स्थिति निमोनिया का रूप ले सकती है, जो खतरनाक साबित हो सकता है।

डॉ. सिंह ने बताया कि बच्चों को ठंडी चीजों से बचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं, उन्हें ठंडे पानी या फ्रिज का पानी न पिलाएं और एसी या कूलर के संपर्क में आने से बचाएं। इस समय साफ-सफाई और खानपान पर ध्यान देना सबसे ज्यादा जरूरी है।उन्होंने यह भी बताया कि हल्का और पौष्टिक भोजन बच्चों की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, जिससे वे मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रहते हैं। अगर किसी बच्चे को लगातार बुखार, खांसी या सांस लेने में तकलीफ महसूस हो तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। समय पर इलाज से बड़ी परेशानी से बचा जा सकता है।

# अतिक्रमण और अव्यवस्था से जूझ रहा शंकरगढ़ का बाजार

## शनिवार की बंदी पर भी खुले रहते हैं बाजार, प्रशासन की लापरवाही से बढ़ी परेशानी

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** यमुनानगर के शंकरगढ़ कस्बे का बाजार इन दिनों अव्यवस्था और अतिक्रमण की चपेट में है। साप्ताहिक बाजार बंदी का दिन शनिवार निर्धारित है, लेकिन यह व्यवस्था अब केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। तय बंदी के बावजूद ज्यादातर दुकानें खुली रहती हैं, जिससे न तो व्यापारी वर्ग को विश्राम मिल पाता है और न ही नगर की व्यवस्था सुधर पाती है।

नगर के सदर बाजार, पुरानी बाजार और लाइनपार क्षेत्रों की स्थिति और भी खराब है। सड़कों पर दिनभर भीषण जाम लगा रहता है। अवैध अतिक्रमण ने सड़कों की चौड़ाई घटा दी है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद न नगर पंचायत कोई कार्रवाई करती है और न ही पुलिस प्रशासन की ओर से नियमित जांच होती है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। वहीं श्रम विभाग भी मूकदर्शक बना हुआ है। बाजार बंदी व्यवस्था का उद्देश्य छोटे व्यापारियों और श्रमिकों को साप्ताहिक विश्राम देना था, परंतु अब यह केवल कागजों तक सीमित रह गया है।नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए और यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो स्थिति और अधिक खराब हो सकती है।

# सरकारी जमीन पर अवैध खेती, भू-माफियाओं के खिलाफ एसडीएम से शिकायत

**करछना।** खजुरौल गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे और खेती का मामला फिर उजागर हुआ है। ग्राम प्रधान संदीप कुमार ने एसडीएम करछना भारती मीना से शिकायत कर बताया कि गांव की करीब 800 बीघा सरकारी भूमि पर भू-माफिया सरसों की बुवाई कर रहे हैं। प्रधान ने कहा कि हर साल इसी तरह कब्जा कर खेती की जाती है, जिससे राजस्व को भारी नुकसान होता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद तहसील प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है और कर्मचारियों की मिलीभगत से यह अवैध खेती जारी है। एसडीएम करछना ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# महोत्सव हमारी एक ही प्रीति रीति और लोक परम्परा का प्रतिदर्श : डॉ. पाण्डेय

**भातृ प्रेम की पराकाष्ठा हैं,भरत : स्वामी विनोदानन्द : दीप प्रज्वलन कलश पूजन और रामकथा के साथ 27वें जमुनापार महोत्सव का हुआ आगाज**




**करछना।** महोत्सव हमारी माटी, परिपाटी प्रीति, रीति एवं लोक परंपरा को एक ही मंच पर संजोने वाला एक प्रतिदर्श है। प्रेरक के रूप में हमारी नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति और सामाजिक समरसता से तार-तार जोड़ते हुए जमुनापार महोत्सव अपने अतीत की विरासत के साथ-साथ जमुनापार की प्रतिभाओं को एक मंच पर संजोते हुए अनवरत आगे बढ़ रहा है। यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित श्री बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित 27 वें जमुनापार महोत्सव के उद्घाटन समारोह के अवसर पर महोत्सव के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कही। कारगिल के अमर शहीद की धर्मपत्नी मंजू तिवारी एवं प्रसिद्ध कथावाचक स्वामी विनोदानन्द जी महाराज के साथ-साथ भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला,वरिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल ने भी दीप प्रज्ज्वलन कर जमुनापार की विरासत को संजो रहे महोत्सव आयोजन की प्रसंशा की। उद्घाटन के उपरांत शुरू हुई सात दिवसीय राम कथा कहते हुए प्रयाग से पधारे,व्यास पीठ पर विराजमान स्वामी विनोदानन्द सरस्वती जी ने भरत सरिस को राम सनेही,जैसी पंक्तियों द्वारा भरत को भाई प्रेम के पराकाष्ठा की संज्ञा दी। उन्होंने भरत महिमा का बखान कर श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। इसके पूर्व लोक कलाकार मोहिनी श्रीवास्तव,शबरेज अहमद, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह कुशुमाकर और राम मनोहर लोहिया द्वारा प्रस्तुत गीत,भजन और कविताओं पर श्रोता देर शाम तक मंत्र मुग्ध होते रहे। प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने सभी अभ्यगतों का माल्यार्पण,स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। मंच का संचालन शिक्षक डॉ.के.के.त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद प्रजापति, भुगाई सिंह, राम ललक सिंह, डॉ. दिनेश सोनी, सुधाकर पाण्डेय, आनन्द तिवारी, शिवम, प्रदीप, अभिषेक, अजय सिंह, प्रकाश, नरेश सोनकर, कमलाशंकर, अशोक बेशरम सहित बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

# बैंक में पैसा निकालने गयी बुजुर्ग महिला की मौत से हड़कंप

**करछना।** बैंक में पैसा निकालने गयी एक बुजुर्ग महिला को बैंक कर्मियो ने घंटों बैठाए रखा उस दौरान उसकी तबीयत बिगड़ी और बैंक में ही बुजुर्ग महिला ने दम तोड दिया मृतक के लड़के ने बैंक कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत की मामले में पुलिस जांच में जुटी है।

करछना तहसील क्षेत्र बसही स्थित भारतीय स्टेट बैंक शाखा में रुपए निकालने आई 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला कस्तूरबा पत्नी राजमणि पटेल निवासी बीरपुर गिधौरा की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि बैंक कर्मियों ने उन्हें कई घंटे तक बैठाए रखा, जिससे तबीयत बिगड़ने पर भी समय पर मदद नहीं मिली। रुपए मिलने के इंतजार में ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद बैंक में अफरा-तफरी मच गई। मृतका के बेटे विमलेश पटेल ने बैंक कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए करछना पुलिस को तहरीर दी है। थाना प्रभारी अनूप सरोज ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# नीवी से लालापुर तीन वर्ष बीत जाने के बाद नही बनी सड़क,क्षेत्र की जनता परेशान,जिम्मेदार मौन

- 10,155 किलोमीटर की अवधि समाप्त होने तक नही बनी सड़क,ग्रामीणों में रोष
- जगह जगह गिट्टी का लगा ढेर, इसपर दुपहिया तो दूर पैदल चलना हुआ दूभर

अखंड भारत संदेश



**बारा।** क्षेत्र की एक ऐसी प्रधानमंत्री सड़क है पूरी तैयार होने के समय तक तीन साल के अवधि में सिर्फ गिट्टी बिछ पाई है।जो पूरी गिट्टी तीतर बितर होकर राहगीरों की मुसीबत बन गई हैं।आए दिन कही न कही दुपहिया सवार चुटहिल जरूर होते है। नीवी से लालापुर प्रधानमंत्री सड़क पैकेज सँख्या व ढ03183 सन 2022 से शुरू होकर मई 20023 जिसकी कुल लागत452,68लाख की लागत से सड़क बनकर तैयार होनी थी।

तीन साल पूरे होने के बाद आजतक सिर्फ बड़ी बड़ी गिट्टी बिछी है ,काम बन्द हो रखा है,इस कार्य को कराने का टेंडर मेसर्स सी एल गुप्ता एंड संस को मिला था,मिलते ही काम 10 दिन जोरों पर चला ऐसे लगा जैसे अवधि के अंदर तैयार हो जाएगी,लेकिन क्षेत्र के,नीवी,भोड़ी, शुन्दरपुर, मदनपुर बघला,लौद कलाँ, बेनौरी,दुबहा, दर्जनों गांव का दुर्भाग्य रहा तीन साल पूरे हो गए आज तक सड़क नही बन सकी। सुबह से साम तक चलने वाली सड़क की गिट्टी आवाजाही में दुर्घटना का संकेत देती है।

# ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर तीन जख्मी मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** तीव्र गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सवार एक बच्ची सहित तीन जख्मी हो गए। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम वृसिंहपुर उर्फ रामगढ़ निवासी सेबू पुत्र इस्लाम बाइक पर अपनी बहन मदीना और चार वर्ष की पुत्री अलीसवा को बैठा कर मऊआइमा आ रहा था। जैसे वह ब्लाक तीराहे पर पहुंचा सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे सेबू उसकी बहन मदीना और चार वर्ष की बच्ची अलीसवा बुरी तरह जख़्मी हो गए। जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख़्मी सेबू ने मऊआइमा थाने में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मिशन चलो गाँव की ओर ग्रुप के तत्वावधान में महिला महा सम्मेलन आयोजित



**मऊआइमा।** मिशन चलो गाँव की ओर ग्रुप के तत्वावधान में एक दिवसीय महिला एकता महासम्मेलन, नशा मुक्ति आंदोलन तथा नारी उत्थान एवं सद्भाव निर्माण विषयक कार्यक्रम 26 अक्टूबर 2025, रविवार को आयोजित किया गया। यह आयोजन साहू मैरिज हॉल, मऊआइमा निकट बैंक ऑफ बड़ौदा में सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इम्तियाज समी रहे। अध्यक्षता शीलम मौर्य तथा मुख्य वक्ता के. डी. गौतम रहे। कार्यक्रम में समाजसेवा, नारी सशक्तिकरण, शिक्षा, नशा उन्मूलन तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान पर चर्चा की गई।आयोजन में विभिन्न सामाजिक संगठनों, शिक्षकों, महिलाओं और युवाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक प्रस्तुति का आयोजन भी किया गया, जिसका संचालन चिन्मय सूर्या मिशन गायक ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं और संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा ।** थाना क्षेत्र के ग्राम बोमापुर निवासी प्रमोद कुमार पांडेय पुत्र दीनानाथ पांडेय का आरोपहै कि पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी एक राय होकर घर में घुसकर परिजनों को मारे पीटे थे तथा जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। प्रमोद कुमार का आरोप है कि विपक्षी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। परन्तु उसका मुकदमा नहीं दर्ज किया गया। प्रमोद कुमार पांडेय ने इसकी गुहार पुलिस आयुक्त से की। पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने हरिहर प्रसाद पांडेय, आनन्द पांडेय, आदर्श पांडेय, अंकित कुमार पाण्डेय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जसरा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम से लोग परेशान

अखंड भारत संदेश



बच्चों से भरी बस घंटों रही जाम में फंसीं

**जसरा।** जसरा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम से निजात पाने के लिए महाकुंभ से पहले पांडर=गौहनिया बाईपास की एक लेन को चालू कर दिया गया था। लेकिन अप्रैल में ही 20 अप्रैल तक एक लेयर छर्री डालने का हवाला देते हुए बंद कर दिया गया था। जिसे आज तक नहीं खोला गया। जिसके कारण जसरा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन भीषण जाम लगा रहता है। सोमवार को जाम फाटक के दोनों ओर लगभग एक किलोमीटर तक पहुंच गया। फाटक पर एक भी पुलिस के जवान नहीं रहे मौजूद।

प्रयागराज=बांदा राष्ट्रीय मार्ग पर पड़ने वाला जसरा रेलवे फाटक पर ट्रेनों के बार बार आवाजाही के कारण पांडर=गौहनिया बाईपास जिसकी लम्बाई 5.1किलोमीटर का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। तत्कालीन प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश कुमार झा द्वारा महाकुंभ को ध्यान में रखते हुए बाईपास की एक लेन 11 जनवरी से 26 फरवरी के बीच श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ की वजह से निर्माण कार्य रोक दिया गया था। जिस पर 3 मार्च से काम पुनः शुरू किया गया था। विभागीय अधिकारियों ने महाकुंभ के दौरान प्रभावित हुए कार्यों को तेजी से पूरा कराने का दावा किया था। लेकिन बाईपास का एक भी लेन न खोलने से आम लोगों में भारी रोष बना हुआ है। जिसके कारण जसरा रेलवे फाटक पर प्रतिदिन भीषण जाम लगने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक बार फाटक बंद होने पर कम से कम तीन-चार ट्रेन निकालने पर फाटक के दोनों तरफ खड़े बेतरतीब वाहनों की लम्बी लम्बी लाइनें लगने से लोगों को घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। जाम के कारण बाजार के व्यापारियों को दुकानदारी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।? जबकि बाईपास के दूसरे लेन का निर्माण कार्य जून तक पूरा होने का दावा पहले ही किया गया था। एक लेन को चालू न करने से क्षेत्रीय लोगों के साथ साथ दूर दूर से आने जाने वाले लोगों घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। बाईपास 274 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। बाईपास को पूरा करने का लक्ष्य सितंबर 25 तक निर्धारित किया गया था। लेकिन अक्टूबर बीतने को है,जो आज तक नहीं शुरू किया गया है। जाम के झाम से कैसे छुटकारा मिलेगा यही लोगों को परेशान किए हुए है।

जसरा रेलवे फाटक पर बेतरतीब वाहनों के कारण छोटे छोटे बच्चों से भरी बस जाम में फंसीं रही। नन्हे-मुन्ने बच्चे भूख-प्यास से तड़प रहे थे। जाम में इसी तरह बच्चों से भरी कई वाहन जाम में फंसे रहे। घंटों लगे भीषण जाम को खुलवाने के लिए घूरपुर की एक भी पुलिस नही थी।

# रोडवेज चालक हत्याकांड में दो जगहों पर हुए मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

**फरार चल रहे पांच आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** धूमनगंज में रोडवेज चालक रावेंद्र उर्फ मुन्नू की ईंट मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने मुख्य हत्यारोपी समेत दो आरोपी अली अहमद और कामरान को पुलिस ने छह दिन बाद अलग-अलग मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। वहीं, मुख्य आरोपी अली का पिता नुरैन अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। दूसरी तरफ नामजद पांच आरोपियों पर पुलिस ने 25 हजार से धनराशि बढ़ाकर 50-50 हजार का इनाम घोषित कर दिया है। पहली मुठभेड़ पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के लाल बिहार इलाके में ट्यूबवेल के पास हुई। सूचना मिली थी कि मरियाडीह निवासी आरोपी पिता-पुत्र लालबिहार के पास एक खंडहर कोठरी में छिपे हैं। सूचना पर डीसीपी मनीष शांडिल्य के नेतृत्व में धूमनगंज, कर्नलगंज समेत एसओजी की टीम ने इलाके में घेराबंदी की। तभी पुलिस की टीम पर आरोपी पिता-पुत्र ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अली के पैर में दो गोली लगी। इसके बाद टीम बाद ने आरोपी को पकड़कर कॉल्विन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। आरोपी के कब्जे से एक 32 बोर की एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किया गया। वहीं, दूसरी मुठभेड़ धूमनगंज थाना क्षेत्र के सुबेदारगंज महिला ग्राम से फ्लाई ओवर के पास हुई। मुखबिर की सूचना पर धूमनगंज पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मुंडेरा नीमसराय निवासी आरोपी कामरान को आत्मसमर्पण के लिए चेतावनी दी गई। लेकिन आरोपी ने जान से मारने की नियत से टीम पर फायर कर दिया। जैसे ही दोबारा कारतूस लोड करने का प्रयास किया गया तो पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस जांच में सामने आया दोनों आरोपी शहर से बाहर भागने के फिराक में थे। आरोपी अली ने ही रावेंद्र के सिर पर ईंट मारकर हत्या की थी। सीसीटीवी के माध्यम से पुलिस ने इसकी पहचान की। वारदात के बाद पूरामुफ्ती समेत अलग-अलग जगहों पर अपना ठिकाना बनाया था। आरोपी के खिलाफ तीन मुकदमा दर्ज हैं। पुलिस जांच में पता चला कामरान अली के संग था, पत्थरबाजी में उसकी भूमिका सामने आई थी। वारदात के बाद आरोपी ने धूमनगंज थाना क्षेत्र समेत अलग-अलग जगहों पर अपने छिपने का ठिकाना बनाया था। आरोपी के खिलाफ धूमनगंज थाने में तीन मुकदमा दर्ज है।

> दो जगहों पर हुए अलग-अलग मुठभेड़ में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, वहीं फरार अन्य आरोपियों को जल्द से गिरफ्तार कर जाएगा। इन सभी इनाम की धनराशि 25 से बढ़ाकर 50-50 हजार रुपये कर दी गई है।
> **- मनीष शांडिल्य, डीसीपी नगर**

# वैभव विश्वकर्मा के दम पर जीता देव स्पोर्ट्स फाइनल मुकाबला



**फाफामऊ।** देव स्पोर्ट्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे अंडर 12 नवरात्रि क्रिकेट टूनार्मेंट में सोमवार देव स्पोर्ट्स बनाम तुलसी क्रिकेट क्लब कुंडा के बीच निर्धारित 40 ओवर का फाइनल मैच खेला गया जिसमें देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया बल्लेबाजी करने उतरी तुलसी क्रिकेट क्लब ने 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 154 रन बनाने में कामयाब रही जिसमें सुप्लेंद्र यादव 47 रन युवराज शुक्ला 19 रन श्याम सिंह यादव 18 आदर्श मिश्रा 15 रन यशस्वी मिश्रा 11 रन अभिनव सिंह 10 रन का योगदान रहा गेंदबाजी श्रेयांश पटेल 2 विकेट आयुष्मान मिश्रा 2 विकेट सजल 2 विकेट विकास पटेल 1 विकेट वैभव विश्वकर्मा 1 विकेट लेने में कामयाब रहे वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी देव स्पोर्ट्स क्रिकेट क्लब ने 36.1 ओवर में 7 विकेट खो कर 155 रन बनाकर फाइनल का खिताब अपने नाम किया जिसमें वैभव विश्वकर्मा 110 गेंद में 91 रन नाबाद बनाएं आकाश पटेल 23 रन गेंदबाजी में श्याम सिंह यादव 2 विकेट मैन ऑफ द मैच वैभव विश्वकर्मा 110 गेंद में नाबाद 91 रन बेस्ट बल्लेबाज वैभव विश्वकर्मा 4 मैच में 176 रन बेस्ट गेंदबाज श्रेयांश पटेल 4 मैचों में 10 विकेट चटकाए इस दौरान भागीदारी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन प्रजापति विकास यादव राजेश कुमार यादव अजिंक दुबे सुरेंद्र कुमार पटेल सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कि टूनार्मेंट आयोजक रामचंद्र प्रजापति धीरेंद्र कुमार पाल बादल कुमार आनंद त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

# श्वेता सिंह बी पी एड प्रथम वर्ष की छात्रा 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल




**थरवई।** सोमावर को अंतर महाविद्यालयीय शूटिंग खेल और बास्केट बाल खेल प्रतियोगिता प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज के प्रसिद्ध कॉलेज बेनी माधव सिंह कॉलेज बिगहिया बीपीएड प्रथम वर्ष की छात्रा श्वेता सिंह इस शूटिंग खेल प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल में जीत हासिल कर गोल्ड को किया अपने नाम। वहीं बीपीएड प्रथम वर्ष की एक और छात्रा स्नेहा शर्मा ने बास्केटबॉल खेल में भी जीत हासिल की और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए हुआ चयन। इस जीत खुशी में बेनी माधव सिंह पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी वी सिंह, अध्यक्ष कृपा राम मिश्र, सचिव माधुरी सिंह, डॉ सीमा सिंह, डॉ बबिता सिंह, बीपीएड विभागाध्यक्ष डॉ वी डी सिंह, शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता राम प्रसाद, परवीन जहां, सुप्रीती मिश्रा, शालू पाण्डेय, डॉ राम कैलाश यादव, करुणेश शुक्ला, सूर्य प्रताप, प्रशांत पाण्डेय, कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल जी, सत्यनारायण मिश्र आदि सभी ने जीत हासिल की दोनों छात्राओं को ढेर सारी बधाइयाँ देते हुए ऐसे ही आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## 40 बेरोजगारों को दिया जाएगा माली का प्रशिक्षण : डॉ वीरेंद्र सिंह

**प्रयागराज।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत वर्ष 2025 . 26 में 40 बेरोजगार युवक एवं युवतियों को लगभग दो माह में 390 घंटों का प्रशिक्षण औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज के मुख्य उद्यान विशेषज्ञ डॉ वीरेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रयागराज मिजार्पुर एवं चित्रकूट धाम मंडल बांदा के सभी जनपदों के प्रतिभागी आवेदन कर सकते हैं आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर 2025 शाम 5:00 बजे तक होगी प्रतिभागियों की पात्रता के लिए उम्र की सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य है शैक्षिक योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 पास निर्धारित की गई है अधिक जानकारी के लिए औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी वी के सिंह से स्वयं अथवा दूरभाष नंबर 9415128818 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची प्राथमिक विद्यालय, 69 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परिक्षण



**थरवई।** मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज के कुशल निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय औरहा उपरहा में सोमवार को ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य टीम की ओर से पोषण पखवाड़ा पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया । इस जाँच शिविर में प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी के सभी बच्चों को स्वास्थ्य चिकित्सा धिकारी डॉ. एस. के. सिंह टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए उचित शिक्षा के साथ-साथ उचित स्वास्थ्य भी अनिवार्य है। प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का वर्ष में एक बार व आंगनबाड़ी तृतीय के बच्चों का साल में दो बार परीक्षण किया जाता है। प्राथमिक विद्यालय औरहा उपरहा के 69 व आंगनबाड़ी के 28 बच्चों का परीक्षण किया गया जिसमें आंगनवाड़ी के दो बच्चों का वजन कम पाया गया जिन्हें उचित दवाइयां दी गई । मौके पर स्वास्थ्य टीम में डॉ० महेंद्र साहू, डॉ मयंक साहू, अखिलेश सिंह नेत्र परीक्षण, पूजा पाण्डेय ए एन एम ने भी स्वास्थ्य पर बच्चों को ध्यान की बात कही। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका सुशीला देवी भी मौजूद थीं। डॉ एस के ने बताया की अगर स्वास्थ्य में किसी भी प्रकार की बीमारी पायी जाती है तो उन्हें प्राथमिक स्तर पर उपचार हेतु किया जाता है तो और और भी गंभीर रहे थे ब्लॉक बहरिया में सी एस सी में उपचार निः शुल्क कराया जाएगा अगर उससे भी ज्यादा रहा तो जिले स्तर पर बने अस्पताल में इलाज किया जाएगा।

# छठ पूजा के दृष्टिगत डीएम मनीष बर्मा ने संगम नोज के घाटों का लिया जायजा

**घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के दिए निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में सूर्य षष्ठी डाला छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सोमवार को संगम नोज, गउघाट, बलुआघाट, दशाश्वमेघ घाट सहित अन्य घाटों पर पहुंचकर छठ पूजा की तैयारियों के दृष्टिगत की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत की गयी प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, गोताखोर, बैरिकेटिंग, चौजिंग रूम, मोबाइल टॉयलेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रकाश की समुचित व्यवस्था बनाये रखने, घाटों पर साफ-सफाई की अच्छी एवं मुकम्मल व्यवस्था के लिए नगर निगम को निर्देशित किया है। पुलिस प्रशासन को यातायात, पार्किंग तथा सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने गहरें पानी की सूचना के दृष्टिगत घाटों पर लगाए गए साइनेज एवं बैरिकेटिंग को भी देखा। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में घाटों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिये है। आयोजन स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किये जाने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त श्री साई तेजा,अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# माता पिता के आशीर्वाद से बच्चों को संसार में प्राप्त होती है सुख शांति : धनंजय दास महाराज

**समहन भागवत कथा के पांचवे दिन भव्य रूप से मना राधा रानी का जन्मोत्सव गोवर्धन पूजा और माखन चोरी की कथा सुन श्रद्धालु भक्त हुए मंत्रमुग्ध जयकारे से गूंजा पूरा परिसर**

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पांचवे दिन राधा रानी जन्म गोवर्धन पूजा और माखन चोरी की विस्तृत कथा महाराज जी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कथा पंडाल में राधा रानी के जन्म पर सभी श्रद्धालु झूमते व थिरकते रहे। राधा रानी जन्मोत्सव कार्यक्रम को लेकर कथा पंडाल को गुब्बारे एवं फूल-माला से भव्य तरीके से सजाया और संवारा गया था। कथावाचक परम पुज्य श्री धनञ्जय दास जी महाराज ने प्रवचन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं तथा माखन चोरी एवं गोवर्धन पूजा का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर व्याख्यान किया। कथावाचक ने कहा कि जब-जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढा है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है महाराज जी ने आगे कहा कि अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग-अलग रूपों में अवतार होता है। उन्होंने कहा जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड दी, तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। इतना ही नहीं कथा के दौरान बासुदेव, यशोदा और श्रीकृष्ण और राधा रानी के बाल-रूप की आकर्षक झांकी देख उपस्थित सभी श्रद्धालु जयकारा लगाते हुए नृत्य करने लगे। प्रवचन के क्रम में कथावाचक ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है, तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता-पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए जिन बच्चों के उपर माता-पिता का आशीर्वाद है, उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त है। उन्होंने कहा कि हर एक माता पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं क्योंकि धार्मिक की कथा सुनने से बच्चों में अच्छे संस्कार आते हैं। कथा के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा युवा प्रकोष्ठ के जिलामंत्री राहुल मिश्रा के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहकर कथा का रसपान किया।

# शुआट्स में मनाया संस्थापक दिवस, इलाहाबाद फार्मर जर्नल के 100 वर्ष पूर्ण होने का जश्न

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज में संस्थापक डॉ. सैम हिगिनबॉटम की जयंती पर संस्थापक दिवस गर्व के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित प्रकाशन द इलाहाबाद फार्मर की 100वीं वर्षगांठ भी मनाई गई। समारोह की शुरूआत यूनिवर्सिटी चौप्लिन लाल चुंग गंगटे द्वारा की गई प्रार्थना के साथ हुई।

कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. रानू प्रसाद ने संस्थापक डॉ. सैम हिगिनबॉटम के जीवन पर सारगर्भित उद्बोधन दिया, उनके अग्रणी विजन और मिशन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शुआट्स के आज डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान बनने के साथ ही डॉ. सैम का सपना पूरी तरह से साकार हो गया है।

प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रोफेसर डॉ. जोनाथन लाल ने एशिया के पहले कृषि प्रकाशन द इलाहाबाद फार्मर की महत्ता बताते हुए कहा इलाहाबाद एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट (अब शुआट्स) द्वारा लाई गई यह वैज्ञानिक, ओपन-एक्सेस और पीयर-रिव्यूड जर्नल लगातार प्रकाशन के अपने सौ वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर चुका है।

इस ऐतिहासिक अवसर को चिह्नित करने के लिए एक विशेष डाक कवर जारी किया गया। विशेष कवर का विमोचन कृषि को दशार्ते हुए ग्रास ग्रीन स्पेशल कैंसिलेशन के साथ उत्तर प्रदेश का पहला बैलगाड़ी वाहक विशेष कवर आधिकारिक तौर पर एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट सब-पोस्ट ऑफिस, प्रयागराज से जारी किया गया। यह उत्तर प्रदेश में फिलाटेली (डाक-टिकट संग्रह) के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है।

यह कवर फिलाटेलिक सोसाइटी ऑफ उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव श्री एम. गुलरेज द्वारा जारी किया गया। धन्यवाद ज्ञापन फिलाटेलिक सोसाइटी ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव डॉ. आदित्य सिंह ने किया। इस अवसर पर फिलाटेलिक सोसाइटी के सदस्यों, जिनमें डॉ. आदित्य सिंह, श्री गुलरेज और श्री राजेश वर्मा शामिल थे, को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किए गए।

मुख्य अतिथि, शुआट्स कुलपति प्रोफेसर डॉ. राजेंद्र बी. लाल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. सैम हिगिनबॉटम प्रसिद्ध प्रचारक डी.एल. मूडी से प्रेरित थे। डॉ. लाल ने बताया कि डॉ. सैम पहले चीन जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन चर्च ने उन्हें भारत आने का बुलावा दिया, जिसके बाद उन्होंने इस परिवर्तनकारी संस्थान की स्थापना की। संस्थान द्वारा वैज्ञानिकों, विषय विशेषज्ञों की उपलब्धता एवं तकनीक व कृषि यंत्रों को तैयार कर संपूर्ण विश्व की सेवा की गई। डॉ. लाल ने संस्थान की ऐतिहासिक यात्रा को साझा किया, जिसमें वर्ष 2000 में इसे डीम्ड विश्वविद्यालय (एएआईडीयू) और 2016 में राज्य विश्वविद्यालय (शुआट्स) का दर्जा मिलना शामिल है। उन्होंने संस्थापक के मूल विजन भूखे को भोजन और भूमि की सेवा को दोहराया, और बताया कि डॉ. सैम को यह विजन सीधे बाइबिल (मैथ्यू अध्याय 14, पद 13-21) से मिला था। इस अवसर पर प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रोफेसर डॉ. बिश्वरूप मेहरा, प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रोफेसर डॉ. रितु प्रकाश दुबे, अपर कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. सी.जे. वास्ले सहित निदेशकगण सहित शिक्षक, कर्मचारीगण व छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति अभियान बेटियों को बढ़ने में है अहम भूमिका

**थरवई।** सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश के तहत मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वारा महिलाओं बेटियों व बालिकाओं को निरंतर जागरूक किया जा रहा है जिससे बेटियां निडरता के साथ घर से निकल रही हैं जिसमें सबसे बड़ी अहम भूमिका है मिशन शक्ति जागरूकता अभियान। महिलाओं, बेटियों व बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है जिसकी थीम है सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश। सोमवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना थरवई मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी निधि पटेल अपनी टीम के साथ थाना क्षेत्र थरवई के गारापुर में शिक्षण संस्थानों व प्रमुख चौराहों व बाजारों में जाकर महिलाओं व विद्यालय से आ रही बालिकाओं को उनकी सुरक्षा व अधिकार को लेकर उन्हें जागरूक किया और दिए गए वूमेन हेल्प लाइन नंबर 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 1076, पुलिस आपात डायल 112, साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गई।

# न्यूज झरोखा

## प्राथमिक विद्यालय महेरा समय पर न खुलने से गेट पर खड़े रहते हैं विद्यार्थी



**लालापुर।** ब्लॉक जसरा के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय महेरा में समय पर शिक्षकों द्वारा विद्यालय न खोलने पर विद्यार्थी गेट के बाहर खड़े पाए गए।विद्यालय सड़क के किनारे होने के कारण बच्चों के साथ घटना का खतरा भी बना रहता है, विद्यालय समय पर न खुलने की वजह से ग्राम प्रधान एवं अभिभावकों में काफी आक्रोश देखने को मिला अब देखना है इस पर अधिकारियों की क्या प्रक्रिया होगी या इसी तरह विद्यालय का गेट बंद मिलेगा। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया की शिकायत मिली है जांच कर कारवाही की जाएगी

## सीएचसी शंकरगढ़ के अधीक्षक डॉ. अभिषेक सिंह हुए सम्मानित




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी प्रयागराज कार्यालय स्थित संगम सभागार में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज हर्षिका सिंह एवं मुख्य चिकित्साधिकारी प्रयागराज डॉ. ए.के. तिवारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ के अधीक्षक डॉ. अभिषेक सिंह को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे स्वास्थ्य केंद्र की टीम भावना और सभी स्वास्थ्य कर्मियों के शासन एवं विभागीय दिशा- निदेर्शों के अनुरूप समेकित रूप से किए गए कार्य का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनका प्रमुख लक्ष्य है और इसी दिशा में निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

## पूर्व मंत्री ने मर्रो में श्री सतचण्डी पाठ का श्रवण किया



**जंघई।** पूर्व प्रधान मर्रो ग्राम सभा अशोक तिवारी द्वारा अपने निवास पर साप्ताहिक सतचण्डी पाठ एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। 24 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक सतचण्डी पाठ का आयोजन किया गया है 29 अक्टूबर को पूणार्हुति हवन एवं महाप्रसाद का आयोजन है। साप्ताहिक कार्यक्रम में सतचण्डी पाठ का प्रतिदिन सैकड़ों लोगों ने श्रवण किया। सोमवार को पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राकेश धर त्रिपाठी ने भी सतचण्डी पाठ का श्रवण किया। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित मुरारी लाल मिश्र, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद त्रिपाठी, कल्लू नेता, पिंटू ओझा, लाल बहादुर तिवारी शास्त्री, रमाशंकर तिवारी, श्याम बाबू तिवारी व्यास, आनंद तिवारी, कृष्णकांत तिवारी, भरत लाल तिवारी, लवकुश तिवारी, मनोज तिवारी, संतोष तिवारी, देवतादीन तिवारी, दुर्गेश शुक्ला, पंकज शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## ई रिक्शा की टक्कर से किशोर घायल, हालत गंभीर

**करछना।** क्षेत्र के गौरा पेट्रोल पम्प के पास ई रिक्शा की टक्कर से किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल किशोर को इलाज के लिये नजदीकी अस्पताल ले गये जहा उसका इलाज चल रहा है। सोमवार सुबह करीब 9 बाजे गौरा पेट्रोल पम्प के पास गिधौरा गाँव का रहने वाला पाँच वर्षीय कार्तिक गौरा पेट्रोल पम्प के पास स्थित किराने के दुकान से घर का सामान खरीदने गया था। सामान खरीद कर जैसे वो घर के लिये सड़क पर निकला वैसे ही सेहरा की तरफ से सवारी बैठा कर आ रहा ई रिक्शा चालक ने किशोर को जोर दार टक्कर मार दिया जिससे किशोर सड़क पर गिर गया और ई रिक्शा का पहिया उसके पेट से होते हुये निकल गया। जिससे किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानी लोगो ने ई रिक्शा चालक को दौड़ा कर पकड़ लिया। सुचना पर पहुंचे परिजनों ने किशोर को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जंहा उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## सहसों में जगन्नाथ जी का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे जिला अधिकारी प्रयागराज मनीष वर्मा

**सहसों।** सहसों के मीरापुर गांव में सोमवार को महाराष्ट्र में मुंबई जोन के आयकर विभाग में डिप्टी कमिश्नर लाल बहादुर पुष्कर के अपने गृह आवास पर पिता नेब्बूलाल पुष्कर के सानिध्य में आयोजित गया धाम एवं भगवान जगन्नाथ जी के भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालु ग्रामीण प्रेमियों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा ने अपने लाव लश्कर के साथ डिप्टी कमिश्नर के आवास पर पहुंचकर भंडारे में शामिल हुए और महा प्रसाद ग्रहण किया। जिलाधिकारी ने आयोजन में सम्मिलित होकर पुष्कर परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। भंडारे में स्थानीय लोग एवं परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने लगभग आधे घंटे तक कार्यक्रम स्थल पर रुके रहे और श्रद्धाभाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पुष्कर परिवार ने आतिथ्य सत्कार के साथ जिलाधिकारी का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के कई मातहत भी सम्मिलित होकर बड़े ही श्रद्धा के साथ महाप्रसाद पाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से इंद्रेश पुष्कर, रामबाबू पुष्कर, अधिवक्ता अरिंदम पुष्कर, अरिहंत पुष्कर, राज बहादुर पुष्कर, विमल चंद्र गुप्ता, राजेश कुमार द्विवेदी, राज कुमार पुष्कर, लाल बहादुर यादव, सुरेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छठ पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब, समिति की व्यवस्था की सराहना

**नैनी।** नैनी अरैल घाट पर छठ महापर्व के तीसरे दिन आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। व्रती महिलाओं ने परिवार सहित अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। पूर्वांचल छठ पूजा समिति, नैनी प्रयागराज द्वारा श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट व्यवस्था की गई। समिति के अध्यक्ष अरुण यादव ने बताया कि घाटों पर साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। महिलाओं ने छठ गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। समिति की ओर से मुफ्त स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार और चिकित्सा परामर्श दिया गया। श्रद्धालुओं ने समिति की व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की। इस अवसर पर संरक्षक दयानंद पांडे, संगठन मंत्री धनेश सिंह, बृजेश यादव, अनिल दिक्षित, संजय श्रीवास्तव, नयन कुमार कुशवाहा, वीरेंद्र यादव धीरू, समेत कई समाजसेवी मौजूद रहे।

## नैनी में भगवान सहस्त्रार्जुन जयंती के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली

**नैनी।** नैनी रेलवे स्टेशन डाकखाने से भगवान सहस्त्रार्जुन की विशाल प्रतिमा के साथ सभासद राकेश जायसवाल तथा राजकुमार जायसवाल के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई, जो मेवा लाल बगिया, सरगम चौराहे से होते हुए औद्योगिक थाने के पास जायसवाल नगर में स्थित भगवान सहस्त्रार्जुन के मंदिर परिसर में पहुंची। इसके बाद वहां भगवान का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर भगवान सहस्त्र अर्जुन से संबंधित जहां कई झांकियां निकाली गई वहीं पर सहस्त्रार्जुन द्वारा रावण को बंदी बनाए जाने की लीला का मंचन भी किया गया, जिसे लोगों ने पूरी श्रद्धा से देखा। कार्यक्रम में एच के जयसवाल सभा प्रयागराज, जायसवाल बुद्धिजीवी परिषद, जयसवाल समाज सामूहिक विवाह सहित अन्य संगठन से आए हुए लोगों ने हवन और पूजन में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के आयोजक अजेय सहस्त्रार्जुन जी महाराज सेवा ट्रस्ट के प्रमुख जयप्रकाश जायसवाल ने आए हुए लोगों का आभार जताया जिसमें प्रमुख रूप से पदुम जायसवाल, जय प्रकाश जयसवाल, राजकुमार जायसवाल, पार्षद राकेश जयसवाल, पार्षद दिलीप जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, जगत बहादुर जैसवाल, विनय बाबा जायसवाल, लाल बाबू जायसवाल, राहुल जायसवाल, अंकित जयसवाल, संजय जयसवाल, प्रमोद जायसवाल मोदी, अजय जायसवाल, आनंद जयसवाल सुनील जायसवाल, मोनू जायसवाल, आशीष जयसवाल, बेटू जयसवाल, भुवर जायसवाल, टी एन जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, ओम जायसवाल, छेदी जायसवाल, लालजी जयसवाल, विनोद जयसवाल, राजू जायसवाल आदि रहे।

# साथियों पर कातिलाना हमले को लेकर तेवर में दिखे वकील, किया एसडीएम की घेराबंदी

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** तीन-तीन अधिवक्ताओं पर हुए प्राणघातक हमले में पुलिसिया कार्रवाई से असंतुष्ट साथियों ने सोमवार को भी विरोध की आवाज मुखर की। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अध्यक्षता में हुई आम सभा में वकीलों ने न्यायिक कामकाज से बहिष्कार का निर्णय लिया। इसके बाद आक्रोशित वकील नारेबाजी करते तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन करने लगे। वकीलों ने घटना में सांगीपुर पुलिस की कार्यशैली को लेकर जमकर विरोध जताया। इसके बाद संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय तथा उपाध्यक्ष आशीष तिवारी के साथ वकीलों का जत्था एसडीएम चेंबर पहुंचा। यहां एसडीएम की घेराबंदी करते हुए संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने कहा कि तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता रूद्र प्रताप पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय व बालकृष्ण पाण्डेय गंभीर दशा में अस्पताल में जीवन व मौत से संघर्ष कर रहे हैं। ऑल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने एसडीएम से कहा कि इस घटना में प्रशासन का गैर जिम्मेदारानापन कतई बर्दास्त नही किया जाएगा। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने सीओ आशुतोष मिश्र से फोनिक वार्ता कर वकीलों की भावनाओं से अवगत कराया। इसके बाद वकीलो का गुस्सा थमा दिखा। आम सभा का संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह, देवी प्रसाद मिश्र, टीपी यादव, अजय शुक्ल गुडडू ने वकीलो के आंदोलन को तेज करने की बात कही। इस मौके पर शिव नारायण शुक्ल, दिनेश मिश्र, अनूप पाण्डेय, विपिन शुक्ल, प्रमोद सिंह, शिवरंजन यादव, सुशील शुक्ला, दिनेश सिंह, लाल अंकित सिंह, सिंटू मिश्र, शेष तिवारी, प्रवीण शुक्ला, विभाकरनाथ शुक्ला, सुरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, तपन पाण्डेय, गया प्रसाद मिश्र, सुमित त्रिपाठी, राजेश पाल आदि अधिवक्ता रहे।

## बच्चों के विवाद में मासूम समेत मां की पिटाई, शिकायत

**पट्टी।** बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसियों ने एक राय होकर महिला व उसके मासूम बच्चे को मारने पीटने लगे। लोगों के बीच बचाव से किसी तरह पीड़ितों की जान बची। पट्टी कोतवाली इलाके के नेवादा गांव की रहने वाली जरीना पत्नी सलीम सोमवार की दोपहर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि सुबह करीब 7 बजे के आस-पास उसके पड़ोस में रहने वाले कुछ बच्चों से उसके बच्चों का विवाद होने लगा। बीच बचाव करने गई महिला को उक्त लोगों ने लाठी डंडे से मार-पीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने मामले में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## रिटायरमेंट का हिसाब नहीं मिलने से इलाज के अभाव में रिटायर सफाईकर्मी की हुई मौत



**पट्टी।** जीवन भर नगर पंचायत पट्टी को स्वस्थ व स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी उठाने वाले सफाई कर्मचारी को नगर पंचायत कर्मियों के लापरवाही के चलते 6 माह बाद भी रिटायरमेंट का हिसाब नहीं मिल सका। जिस कारण से परिजन समुचित इलाज नहीं कर पाए। जिसके चलते रिटायर्ड सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। परिजन अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिए हैं।

पट्टी कस्बे के निवासी अकबर अली उर्फ कल्लू पट्टी नगर पंचायत में साफ सफाई का कार्य देखा करते थे। जान जोखिम में डालकर नगर के कूड़े करकट को उठाने कचरे को साफ करने की जिम्मेदारी उठाने वाले कर्मचारी अकबर अली उर्फ कल्लू की तबीयत रिटायर्ड होने के बाद खराब हो गई। परिजन इलाज कराना शुरू किया। घर की जो जमा पूंजी थी वह तो खर्च हो ही गई। मृतक के बेटे वकील ने बताया कि सगे संबंधियों व दोस्तो से भी उधार लेकर प्रयागराज के एक अस्पताल में उनका इलाज कराया जा रहा था। वकील ने यह भी आरोप लगाया कि यदि नगर पंचायत से उनका हिसाब मिल जाता तो उन्हें उधर ना लेना पड़ता और बेहतर इलाज के चलते उनकी जान बचाई जा सकती थी। आर्थिक तंगी के चलते परिवार के लोग उन्हें बेहतर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती नहीं कर पाए। जिससे उनकी सोमवार को मौत हो गई। परिजन शव लाकर अपने निवास पर चले आए और जब तक उन्हें पिता के नौकरी का हिसाब नहीं मिल जाता तब तक अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिए। मृतक की पत्नी नूर जहां पुत्र शकील, अकील, वकील, सलीम, सद्दाम, महताब का रो रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में नगर अध्यक्ष अशोक जयसवाल से फोन पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि सर्विस बुक में कुछ कमी के कारण उनका हिसाब नहीं मिल सका है। जिसे दुरुस्त करने के लिए भेजा गया है । जल्द ही परिजनों को हिसाब उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# चोरों ने शराब की दुकान में चोरी की घटना को दिया अंजाम

अखंड भारत संदेश



**पट्टी।** बीती रात अज्ञात चोर कंपोजिट शराब की दुकान में सेंध काट कर दुकान के अंदर घुस गए। शराब की बोतले व नगदी समेत लेकर नौ दो ग्यारह हो गए। घटना की जानकारी होने पर सेल्समैन ने ठेकेदार को सूचित किया, सूचना पर पहुंचे ठेकेदार मामले की जानकारी स्थानी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के सैफाबाद बाजार में हरिशंकर राय की कंपोजिट शराब की दुकान है। रविवार की देर रात सेंध काटकर अज्ञात चोर दुकान के अंदर घुस गए। शराब की बोतल के साथ ही लाखों की नगदी व समान लेकर चले गए। बगल सो रहे सेल्समैन का दरवाजा बाहर से चोरों ने बंद कर दिया था?। घटना की जानकारी होने पर सेल्समैन ने ठेकेदार को सूचित किया। सूचना मिलने पर मौके पर ठेकेदार पहुंचे और इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस घटना से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। बताते चले कि सैफाबाद चौकी से महज सौ मीटर की दूरी पर कंपोजिट शराब की दुकान मौजूद है। फिलहाल चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामले में दुकानदार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष आसपुर देवसरा विजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी होने पर मौके पर पुलिस पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है।

## भक्ति मार्ग पर चलने से दूर होती है पीड़ा- साध्वी पूजा शास्त्री

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर क्षेत्र के पूरे लच्छी गांव में सोमवार को श्रीमदभागवत कथा सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथावाचिका अयोध्या की साध्वी पूजा शास्त्री ने कहा कि जीवन को सचरित्रता के साथ जीने की श्रीमदभागवत कथा से सीख मिला करती है। उन्होने कहा कि भक्ति और ज्ञान के मार्ग पर चलने वाले को कभी भी पीड़ा नही हुआ करती। उन्होने कहा कि भगवान का प्रतिदिन मन लगाकर पूजन करने से समस्त प्रकार के कष्ट मिट जाया करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान की कथा को सुनने से अमृत पुण्य प्राप्त हुआ करता है। कथा के संयोजक रमेश अग्रहरि ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। सह संयोजक उमेश अग्रहरि ने स्वागत किया। इस मौके पर धनंजय मिश्र, बृजबिहारी मिश्र, काशी अग्रहरि, संतोष अग्रहरि, नंदू वैश्य, सुभाष वैश्य, दयाराम गुप्ता, रामदेव आदि रहे।

# लव जिहाद के मामले को लेकर भाजयुमो जिलाध्यक्ष धरने पर बैठे

अखंड भारत संदेश




**बेलखरनाथ धाम।** भोपाल की रहने वाली एक किशोरी को दुसरे समुदाय का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले आया। आरोपित के विरुद्ध पुलिस कार्रवाई न होने पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष कार्यकर्ता के साथ थाने के सामने धरने पर बैठ गए। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का मुस्लिम समुदाय का युवक कुछ दिन पूर्व भोपाल मध्य प्रदेश से एक युवती को बहला फुसलाकर अपने साथ गांव लेकर चला आया। युवती के परिजनो ने इस मामले में भोपाल में मुकदमा भी दर्ज कराया और युवती की तलाश करते हुए दिलीपपुर थाने पहुचा।आरोप है कि थाने का एक दरोगा आरोपित से मिला हुआ है।इसी से नाराज भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह अपने समर्थको तथा कुछ क्षेत्रीय लोगों को लेकर लड़के की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सोमवार शाम दिलीपपुर थाने के सामने धरने पर बैठ गए।आरोप है कि मध्यप्रदेश भोपाल से आयी हुई पुलिस लड़के को नहीं पकड़ पाने पर वापस चली गयी। धरने पर प्रमुख रूप से रमेश पटेल प्रतीक शुक्ला, राहुल मौर्या, चंद्रप्रताप आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक विजय कुमार को मिला एडूलीडर्स अवॉर्ड



**प्रतापगढ़।** विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश 2047 की संकल्पना के आधार पर नेडा प्रशिक्षण केंद्र लखनऊ में एडूलीडर्स अवार्ड 2025 सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रतापगढ़ जनपद के लक्ष्मणपुर ब्लॉक में कार्यरत गणित के विद्वान शिक्षक, पूर्व एआरपी एवं कुशल वक्ता विजय कुमार विश्वकर्मा को उनकी सहज,उत्कृष्ट शिक्षण शैली के लिए एडूलीडर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव पशुपालन एवं दुग्ध विकास मुकेश मेश्राम, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा निदेशक शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह, पूर्व आईएएस डी एन लाल, नेडा के परियोजना अधिकारी टीकाराम तथा अंतरराष्ट्रीय रामायण शोध संस्थान के सलाहकार आशुतोश द्विवेदी मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 164 उत्कृष्ट शिक्षकों को एडूलीडर्स अवार्ड 2025 तथा एडूलीडर्स कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ सर्वेष्ट मिश्र के संपादन में प्रकाशित पुस्तक एडूलीडर्स ₹शिक्षा के दीपस्तंभ₹ का विमोचन भी किया गया और एक हजार प्रतियां सभी 75 जनपद में प्रेषित की गईं। कार्यक्रम में अतिथियों ने एडूलीडर्स के प्रयासों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के संयोजक और राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र ने कार्यक्रम के आयोजन में सभी सहयोगी सदस्यों और प्रतिभागी शिक्षकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

## तालाब में डूबने से मासूम की मौत, कोहराम



**लालगंज।** खेलते समय अचानक तालाब में डूबने से मासूम की दर्दनाक मौत हो गयी। रोते बिलखते परिजनों ने घटना के दूसरे दिन सोमवार को मासूम का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। लालगंज कोतवाली के बेलहा के कान का पुरवा में बुधराम निषाद का चार वर्षीय पुत्र वीरू घर के सामने खेल रहा था। अचानक वह खेलते खेलते तालाब में गिर गया। मासूम को तालाब में डूबता देख साथ खेल रहे अन्य बच्चों ने शोर मचाया। बच्चों की चीख सुनकर परिजन दौड़े और मासूम को तालाब से बाहर निकाला। आननफानन में परिजन उसे लेकर लालगंज ट्रामा सेण्टर आये। यहां चिकित्सकों ने वीरू को मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सोमवार की सुबह परिजनों ने मासूम का गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक वीरू दो भाईयों में छोटा था। मां शालिनी तथा भाई देव का रोना बिलखना देख गांव के लोगों की आंखे भर आयीं।

## सीओ की फटकार पर तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न का केस

**प्रतापगढ़।** सीओ की फटकार पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न तथा गालीगलौज मारपीट व धमकी का केस दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के केदौरा के साधू का पुरवा निवासी बदल सरोज के पुत्र पन्नालाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेईस अक्टूबर को शाम साढ़े सात बजे उसका भतीजा केशलाल किराने की दुकान पर बैठा था। इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के बड़े लाल पटेल पुत्र रमाकांत पटेल व अर्जुन पटेल पुत्र शिवबरन एवं धर्मेन्द्र पटेल ने लाठी डण्डे से दुकान पर हमलावर हो उठे। विपक्षियों के हमले मे उसके भतीजे को सिर पर गंभीर चोटें आ गयी। आरोपी जातिसूचक गालियां देते हुए बीचबचाव करने आये हरिश्चंद्र सरोज व चन्द्रेश सरोज को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी शिकायत करने पर जानलेवा धमकी देते चले गये। लालगंज पुलिस ने घटना की रात ट्रामा सेण्टर में चुटहिलो का इलाज कराया। कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने सीओ से गुहार की। सीओ आशुतोष मिश्र की फटकार पर रविवार की रात आरोपी बड़े लाल पटेल समेत तीन के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि आरोपियो के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन के खिलाफ मारपीट व तोडफोड का केस

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने पीड़ित के साथ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी एवं तोडफोड को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोडरा मांदूपुर निवासी आद्या प्रसाद यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती चौबीस अक्टूबर को रात लगभग नौ बजे वह निमंत्रण से घर लौट रहा था। रास्ते मे पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी गांव के अमर वर्मा व शंकर वर्मा तथा संगम वर्मा ने हमला बोल दिया। हमले मे पीड़ित को गंभीर चोंटे आ गयी। शोर मचाने पर आरोपी गालीगलौज करते जानलेवा धमकी देने लगे। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई डी एल एड परीक्षा

## 28 कमरे में सीसीटीवी, वाइस रिकार्डर के साथ दो कक्ष निरीक्षक तैनात



अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** नगर स्थित राम राज इंटरमीडिएट कॉलेज में डी एल एड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हुई। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

बता दें डी एल एड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में कुल 855 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था जिसमें पहले दिन की परीक्षा में 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। राम राज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी के प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि विद्यालय के 28 कमरों में परीक्षा चल रही है। सभी कमरों में दो-दो सीसीटीवी कैमरे के साथ वाइस रिकार्डर एवं दो कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए हैं। सुरक्षा के द्दष्टिगत थाने के उपनिरीक्षक गौरव त्रिवेदी के साथ पुलिस बल व शिक्षक राजेश दूबे, निलाभ मिश्रा, प्रमोद दूबे समेत अन्य शिक्षक तैनात रहे।

## लेखपालों के कार्य क्षेत्र में भारी भरकम परिवर्तन, हड़कंप

**लालगंज।** शासकीय कार्यो में लापरवाही को लेकर एसडीएम ने दो लेखपालों को तहसील कार्यालय में सम्बद्ध किया है। वहीं सात दर्जन से अधिक लेखपालो के आवंटित क्षेत्रों में परिवर्तन किया गया है। इसमे तहसील में तैनात नये लेखपालो को भी राजस्व ग्रामों मे तैनाती दी गयी है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने शिकायतो के आधार पर लेखपाल सूर्यप्रकाश मिश्र व बृजलाल को राजस्व ग्रामों की तैनाती से हटाकर तहसील कार्यालय सम्बद्ध किया है। वहीं अठेहा, रेहुआ लालगंज, जेठवारा, लक्ष्मणपुर, लीलापुर, सांगीपुर, घुइसरनाथ धाम, भटनी राजस्व क्षेत्रों में तैनात सात दर्जन से अधिक लेखपालो के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। सोमवार को एसडीएम के फरमान की जानकारी होने पर तहसील में हडकंप का माहौल दिखा।

## पांच आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर पीड़ित पर जानलेवा हमले को लेकर सांगीपुर पुलिस ने पांच आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा तोडफोड़ व बलवा समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देउम पश्चिम गड़हा निवासी बृजेश वर्मा पुत्र भगवानदीन ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अक्टूबर को रात लगभग नौ बजे विपक्षी जमीनी विवाद को लेकर हमलावर हो उठे। विपक्षी घनश्याम विश्वकर्मा पुत्र हरिभजन, संतोष व आशीष पुत्रगण घनश्याम तथा सुरेश व अंकित लाठी डंडे से लैस होकर जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे थे। पीड़ित ने मना किया तब आरोपियों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले मे पीड़ित के सिर में गंभीर चोटें आयी और वह बेहोश हो गया। मारपीट के दौरान आरोपियो ने उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। शोर मचाने पर लोग जुटने लगे तब आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी घनश्याम समेत पांच के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा तोडफोड व बलवा समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मनीष त्रिपाठी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आबादी की जमीन पर पड़ोसी कर रहे कब्जा, शिकायत

**पट्टी।** आबादी की जमीन पर पड़ोसी दबंगई के बल पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं विरोध करने पर आमादा फौजदारी हो जा रहे हैं। मामले में पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पट्टी कोतवाली इलाके के मझौली गांव निवासी सावित्री पत्नी मुन्नीलाल ने सोमवार की दोपहर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसकी आबादी की भूमि को उसके गांव के पड़ोसी दबंगई के बल पर कब्जा कर रहे हैं जिसका विरोध करने पर आमादा फौजदारी हो जाते हैं। मामले में पीड़िता ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## ग्राम प्रधान के भतीजे के साथ हुई लूट अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बेलखरनाथ धाम।** रानीगंज थाना क्षेत्र के लच्छीपुर ग्राम प्रधान के भतीजे के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस ने बाइक सवार अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है ।थाना क्षेत्र के लच्छीपुर बाजार निवासी रामप्रकाश गुप्ता उर्फ नन्हे मौजूदा ग्राम प्रधान है। रविवार रात लगभग दस बजे अपनी क्लीनिक बंदकर उनका भतीजा आशीष गुप्ता घर जा रहा था। जैसे ही वह पचरास गांव के समीप पहुंचा बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोकर नगदी व जेवरात लूट लिया। सूचना पर रानीगंज पुलिस व उच्च अधिकारी मौके पर पहुंच गए ।इस मामले में पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है ।बता दें कि 11 वर्ष पहले भी ग्राम प्रधान के बेटे बीरेंद्र गुप्ता को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया था।

# राम को वनवास जाते देख भर आई आंखें

## जामताली शुक्लान में सात दिवशीय रामलीला का हो रहा भव्य मंचन

अखंड भारत संदेश



**बेलखरनाथ धाम।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली शुक्लान में चल रही सात दिवसीय रामलीला में श्री राम वन गमन प्रसंग देखकर दर्शकों की आंखें भर आई ।का रामलीला के कलाकारों ने मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के त्याग करुणा और मयार्दा तथा आदर्शों को जीवंत किया है ।भगवान राम लक्ष्मण और माता सीता के वन गमन व राजा दशरथ का पुत्र वियोग देखकर दर्शकों की आंखें भर आईं। रामलीला में राम का अभिनय दीपक राम त्रिपाठी, लक्ष्मण का आदित्य शुक्ल, भरत का शुभम शुक्ल, शत्रुघ्न का शिवा शुक्ल, सीता का राज शुक्ल, केवट का किरदार पंकज पांडेय, निषाद राज का मान सिहं,नंदन सिंह, दशरथ का पंकज, मंथरा का बैजनाथ पाल ने शानदार अभिनय कर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर दिनेश कुमार दुबे अमित कुमार शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद ओझा,बबलू शुक्ल, चेतन शुक्ल, अनुराग विमल शुक्ल,पवन शुक्ल, सत्य प्रकाश पाठक, रामसहाय सिंह, अमर सिंह, मानसिंह, नंदन सिंह, करमचंद गांधी, दिलीप मोदनवाल,भगवान गुप्ता, राकेश पाल, बैजनाथ पाल, विमल पाल,श्रीकांत पाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सांसद ने की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पुष्पेन्द्र सरोज सांसद की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुई।सांसद ने गत बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि कैंप लगाकर पात्र सभी लोगों को लाभान्वित किया जाय तथा प्रचार-प्रसार कर आमजन को जागरूक भी किया जाय।उन्होंने आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि आवास का लाभ दिलाने के नाम पर कोई




भी,किसी से पैसा न लेने पाए। उन्होंने शीघ्र ही खनिज फाउंडेशन न्यास की बैठक आयोजित कराने के भी निर्देश दिए। सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त,एन.आर.एल.एम. से कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाई जाय तथा जनपद में स्टार्ट-अप विलेज बनाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाय। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थित जलाशयों/तालाबों के पुनरुद्धार के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाय। इसके साथ ही उन्होंने खेत-तालाब योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ए. आर.-कोऑपरेटिव से जनपद में डी.ए.पी. खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जनपद में पर्याप्त खाद की उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखी जाय, ताकि किसानों को कोई समस्या न होने पाए। इसके साथ ही ओवर रेटिंग न होने पाए, इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाय।

सांसद ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि जनपद की प्रतिभावान छात्राओं को चिन्हित कर, उन्हें टैबलेट/लैपटॉप आदि देकर प्रोत्साहित किया जाय। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि कैंप लगाकर पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि छूटे हुए पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित किया जाय तथा आमजन को जागरूक किया जाय कि वे शौचालय का उपयोग करें, बाहर शौच के लिए न जाएं सांसद ने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा कि पाइपलाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को शीघ्र ठीक करा दिया जाय। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि टीम गठित कर ऐसे विद्यालयों को चिन्हित किया जाए, जहां पर पेयजल एवं बिजली की उपलब्धता नहीं है, उन विद्यालयों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाय। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय।उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से पीएम-श्री योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त करते हुए विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाय। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## न्यूज झरोखा

### महिला सुरक्षा को समर्पित कौशाम्बी पुलिस : कौशाम्बी में मिशन शक्ति की गूंज थानों में नारी सुरक्षा और सशक्तिकरण की अलख



**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत 27 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण एवं संबंधित क्षेत्राधिकारीगण तथा समस्त थाना प्रभारी के नेतृत्व में जनपद के समस्त थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड व महिला मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान निम्न थाना क्षेत्रों थाना मंझनपुर द्वारा कस्तूरबा बालिका विद्यालय सिविल लाइन में छात्राओं को साइबर सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।थाना करारी द्वारा जे.डी.एस. पब्लिक स्कूल में छात्राओं को मिशन शक्ति, गुड टच-बैड टच और साइबर अपराध से बचाव के बारे में बताया गया। थाना कौशाम्बी द्वारा ग्राम बारा में महिला आरक्षियों ने नारी स्वावलंबन और महिला सुरक्षा पर जागरूक किया। थाना सराय अकिल द्वारा थाना परिसर एवं क्षेत्र भ्रमण के दौरान महिलाओं से संवाद, पीड़िताओं की काउंसलिंग व एंटीरोमियो चेकिंग की गई।थाना महेवाघाट द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय उमरावा में बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी व साइबर जागरूकता दी गई। थाना पिपरी द्वारा ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल मनौरी में छात्राओं को सुरक्षा एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना कड़ाधाम द्वारा कुबरी घाट व शीतलाधाम मंदिर परिसर में महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए गए। थाना मोहब्बतपुर पइंसा द्वारा के.एस.एम.आर.डी. इंटर कॉलेज कुंद्रावी में महिला सुरक्षा, सम्मान व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना चरवा द्वारा उदय प्रकाश इंटर कॉलेज में छात्राओं को गुड टच-बैड टच, साइबर अपराध व हेल्पलाइन नंबरों पर शिक्षित किया गया। महिला थाना द्वारा जे.आई.सी. ओसा में बालिकाओं को मिशन शक्ति व नारी सुरक्षा के तहत हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### मिशन शक्ति अभियान : आयोजित किया गया जागरूकता चौपाल



**कौशांबी।** मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मधवामई में सोमवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में हब फॉर इम्पॉवरमेन्ट की टीम द्वारा घरेलू हिंसा व दहेज उन्मूलन विषय पर जागरूक किया गया। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनायें-निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पान्सरशिप एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर, 1098, 1090, 1076, 181 आदि के बारे में जानकारी देते हुये उसके उपयोगिता के बारे में जनमानस को जागरूक किया गया।

### भैंस चोरी करते चोर को ग्रामीणों ने मौके पर पकड़ा

**आषाढ़ा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत आसाढ़ा में सोमवार की देर रात भैंस चोरी करते हुए एक चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। चोरी की कोशिश करते देख ग्रामीणों ने घेराबंदी कर चोर को पकड़ लिया और घटना की सूचना चौकी प्रभारी आषाढ़ा को दी ।सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी आषाढ़ा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए चोर को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई हेतु थाना पश्चिम शरीरा ले गए ।ग्रामीणों की सतर्कता से चोरी की वारदात टल गई। पुलिस ने बताया कि चोर से पूछताछ की जा रही है तथा घटना से संबंधित सभी तथ्यों की जांच जारी है।

### हत्या की घटना में शामिल अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र में 19 अगस्त को अंकुल घर से दवा लेने निकला था डाक्टर के घर के पास से गांव के ही सूरज, विजय, रोहित आदि द्वारा उसकों घसीटते हुए अपने घर के अन्दर ले जाकर धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी गयी चरवा थाना पर मु0अ0सं0 175/25 धारा 103(1)/3(5)/61(2) बीएनएस पंजीकृत हुआ घटना से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना चरवा को निर्देशित किया गया था ।उपरोक्त क्रम में थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित फरार चल रही वांछित अभियुक्त सविता पत्नी विजय कुमार उर्फ खुरमा निवासिनी रतगहाँ थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा हैं।

### जिसने जन्म देने के बाद परवरिश की उसी से जान का खतरा बता कर पुलिस से मांगी सुरक्षा

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक बालिका अपने प्रेमी के प्यार में पागल हो कर परिवार के लोगों से बिना बताए भाग कर मंझनपुर के दुर्गा मंदिर में कुछ दिनों पहले शादी की औपचारिकता निभाई थी शादी की औपचारिकता निभाने के बाद बालिका अब अपने प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ी है और जब परिवार के लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी तो बालिका इस कदर से अपने प्रेमी के प्यार में अंधी हो गई है कि उसने जन्म देने वाले माता-पिता के खिलाफ ही खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है सवाल उठता है कि जिसने जन्म देकर बालिका की परवरिश कि नवजात बच्ची से उसे बालिका बना दिया इस जन्म देने वाले माता-पिता से बालिका अपने और अपने प्रेमी के जीवन को खतरा बता रही है अपने माता-पिता पर ही प्रेम में बाधा डालने का आरोप लगा रही है इतना ही नहीं प्रेमी के प्यार में अंधी हो चुकी बालिका ने अपने पिता पर ही बेचने तक का आरोप लगा दिया है जिससे उसका पिता पुलिस की चौखट में न जाए उनका प्रेम परवान चढ़ता रहे जबकि हाईकोर्ट ने भी स्पष्ट किया है कि परिवार की मर्जी के खिलाफ भाग कर की गई शादी में पुलिस से सहयोग और सुरक्षा नहीं मिलेगी।

# भागवत कथा से प्राप्त होता है पुण्य भक्तों के साथ उनके पूर्वज भी होते हैं तृप्त : शारंग धर त्रिपाठी जी महाराज

**अझुवा कौशांबी** सिराथू तहसील के पथरावां ग्राम सभा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है जिसमें मुख्य यजमान हरि प्रसाद साहू द्वारा सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। सोमवार को कलश यात्रा हुई जिसमें सैकड़ों महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। माना जाता है कलश में सभी 33 कोटि देवी-देवता और तीनों देव (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) विराजमान होते हैं। कलश यात्रा में बैंड-बाजे और "हरे रामा हरे कृष्णा" जैसे कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो गया कई आयोजनों में, विभिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली गई जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। भागवत पूजन और कथा का महत्व भागवत कथा को सभी कथाओं में श्रेष्ठ माना गया है। इसे सुनने मात्र से कई जन्मों के पापों से मुक्ति मिलती है और मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति करता है। कथावाचक पंडित शारंगधर त्रिपाठी जी महाराज भागवत के विभिन्न प्रसंगों जैसे कि भगवान के अवतार, कंस वध और अन्य लीलाओं का वर्णन किया उन्होंने श्रोताओं को बताया ऐसी कथाओं के आयोजन से पुण्य प्राप्त होता है, भक्तों का जीवन सुधरता है और उनके पूर्वज भी तृप्त होते हैं। कथा की समाप्ति पर सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया,मौके पर एडवोकेट प्रतिश हरिप्रसाद साहू विकास साहू कृष्णा साहू संजय साहू शोभा देवी अशोक कुमार साहू संतोष कुमार साहू लवकुश साहू राजू साहू सीमा साहू गंगाराम साहू चंद्रिका प्रसाद साहू ,दीपमाला साहू सहित सैकड़ों भागवत कथा प्रेमी मौजूद रहे।



# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से मजदूर झुलसा तीन मंजिल से गिरा नीचे गंभीर रूप से घायल

**घायल होने की जानकारी मिलने पर परिवार के लोगों ने किया हंगामा**

अखंड भारत संदेश

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ में मकान निर्माण में लगा एक मजदूर सरिया सीधी करते वक्त हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया है जिससे मजदूर तीन मंजिल ऊपर मकान से नीचे गिर गया और जहां विद्युत करंट से वह झुलस गया वहीं नीचे गिरने से उसको गंभीर चोट लग गई है आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है मजदूर के घायल होने की जानकारी मिलने के बाद उसके परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं और हंगामा खड़ा कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी विकास कुमार पुत्र स्व. प्रेमलाल साहू टेढ़ीमोड में अपना मकान निर्माण करवा करे है जिसको बनाने के लिए उन्होंने गांव के ही मोनू प्रजापति को मजदूरी का ठेका दे रखा है। सोमवार को मकान के तीसरी मंजिल में स्लैप डालने के लिए सरिया बांधने का काम हो रहा था। सरिया का जाल बिछाते वक्त मजदूर राजीव कुमार पुत्र घसीटे निवासी बालकमऊ थाना कोखराज से सरिया मकान के आगे से गुजरी हाईटेंशन तार में छू गई जिससे उसमें करेंट आ गई। करेंट लगने से काम कर रहा मजदूर राजीव कुमार तीसरी मंजिल में नीचे गिर गया विद्युत करंट से वह झुलस गया और चोट लगने से



गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में मौजूद लोगों ने उसे गुलामीपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी जैसे ही घर परिवार को लगी है मौके पर तमाम लोग पहुंच गए हैं और हंगामा खड़ा कर रहे हैं जानकारी मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई है और पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

# पत्रकार की हत्या पर चायल प्रेस क्लब का फूटा गुस्सा कहा – अब सड़कों पर उतरेगा कलमकार समाज



**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** प्रयागराज जनपद के धूमनगंज थाना क्षेत्र की शकुंतला कुंज कॉलोनी में बीते गुरुवार रात वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी नारायण सिंह उर्फ पप्पू उम्र 48 वर्ष की चाकुओं से गोदकर की गई निर्मम हत्या ने पूरे पत्रकार समाज को हिलाकर रख दिया है। यह केवल एक पत्रकार की हत्या नहीं, बल्कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला है और अब पत्रकारों ने चुप न रहने का ऐलान कर दिया है। सोमवार को चायल प्रेस क्लब के पत्रकारों ने भारी आक्रोश जताते हुए उपजिलाधिकारी चायल के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि जब तक पत्रकार के हत्यारों को सख़्त से सख़्त सजा नहीं दी जाती, तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। पत्रकारों ने सरकार से मांग किया कि मृतक पत्रकार के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए और परिवार की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जाए परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए ताकि बच्चों की शिक्षा और भविष्य सुरक्षित रह सके।हत्या की सीबीआई जांच कराई जाए क्योंकि प्रदेश पुलिस की जांच पर पत्रकार समाज को भरोसा नहीं है। प्रदेश में तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए ताकि ऐसे जघन्य अपराध दोबारा न हों कार्यक्रम में सम्मिलित पत्रकार को सईदेरेहमान मुन्ना शव्वर अली, विनोद कुमार, मदन केसरवानी, अनिरुद्ध उपाध्याय राकेश दिवाकर अनुप केसरवानी मानसिंह, त्रिभुवन लाल,शिवराज यादव राकेश यादव राकेश मिश्रा आदि तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

# ब्रह्मभोज के आयोजन में एकत्रित हुए चौरसिया समाज के लोगों ने एकजुटता पर दिया बल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के अफजल पुरवारी में निवर्तमान ग्राम प्रधान महेश प्रसाद चौरसिया के द्वारा ब्रह्मभोज का आयोजन किया गया जिसमें चौरसिया समाज तत्वधान में समाज की एक बैठक निवर्तमान प्रधान महेश प्रसाद चौरसिया की दुकान पर आयोजित हुई मुख्य अतिथि चौरसिया समाज के वरिष्ठ समाज सेवक एवं चौरसिया समाज के जुझारू नेता भारतीय चौरसिया महा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल यस युवा मंच विजय कुमार चौरसिया कानपुर उपस्थित रहे सामाजिक बैठक का संचालन अर्जुन प्रसाद चौरसिया ने किया कार्य क्रम की अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान महेश प्रसाद चौरसिया ने किया कार्य क्रम की शुरूआत चौरसिया समाज जिंदाबाद




के नारे के साथ किया गया तत्पश्चात समाज के द्वारा मुख्य अतिथि विजय कुमार चौरसिया को अंग वस्त्र एवं माला पहना कर बुक्का भेट कर जोरदार स्वागत किया गया उसके बाद चौरसिया समाज के वरिष्ठ लोगों को माला पहना कर स्वागत किया गया तत्पश्चात चौरसिया समाज के कर्णधार लोगो का संबोधन हुआ जिसमें चौरसिया समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि विजय चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा हम सब लोगो को एक जुट हो कर रहने की जरूरत है हमारा चौरसिया समाज जहां भी है जिस भी दल में है उसकी इच्छा पर निर्भर है लेकिन जहां समाज की बात आती है सभी को एकजुट हो कर रहने की जरूरत है हम सभी लोगो को एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होना चाहिए हमे दूसरे समाज के लोगों से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज के लोगों की मदद करनी चाहिए हम लोगो को अपने बच्चों को शिक्षा और राजनीति दोनों में निपुण बनाना चाहिए हम सब लोग अपने अधिकार को भूल चुके हमे स्वयं अपने अधिकार की लड़ाई लड़ना चाहिए और समाज को आत्म निर्भर बनना चाहिए आपसी भेद भाव को मिटा देना चाहिए इस दौरान पी पी चौरसिया अर्जुन प्रसाद चौरसिया अयोध्या प्रसाद चौरसिया राम सुमेर चौरसिया महेश प्रसाद चौरसिया झल्लर चौरसिया धर्म चौरसिया संजीव कुमार चौरसिया मनोज कुमार चौरसिया अरुण कुमार चौरसिया रामभरोस चौरसिया अशोक कुमार चौरसिया विजय चौरसिया अमित चौरसिया आशीष चौरसिया नाथू राम चौरसिया बउवा चौरसिया सहित काफी तादात में लोग उपस्थित रहे।

# पुल नहीं, सरकारी धन की 'लूट' का स्मारक है महेवा घाट का यमुना पुल

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला कौशांबी को मध्य प्रदेश से जोड़ने वाले अति-महत्वपूर्ण महेवा घाट-राजापुर यमुना नदी पुल पर संकट खड़ा हो गया है अब स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार, घूसखोरी और सरकारी धन की खुली लूट का परिणाम है। पुल की मुख्य संरचना कोठी नंबर 2 में आई खतरनाक और गहरी दरारें इस बात की गवाही दे रही हैं कि निर्माण के दौरान न सिर्फ गुणवत्ता के मानकों को तार-तार किया गया, बल्कि कमीशनखोरी के नाम पर जनता के पैसों को बेदर्दी से लूटा गया अखंड भारत संदेश हिंदी दैनिक समाचार पत्र की जाँच और विशेषज्ञों के विश्लेषण से यह बात पुष्ट होती है कि यह पुल समय से पहले ही जर्जर क्यों हुआ। स्पष्ट है कि घटिया सामग्री का इस्तेमाल और ठेकेदार-अधिकारी गठजोड़ द्वारा किए गए करोड़ों के घोटाले ने मिलकर पुल की नींव को भीतर से खोखला कर दिया। यह पुल अब यूपी और एमपी के लाखों यात्रियों के लिए जीवनरेखा नहीं, बल्कि मौत का फंदा बन चुका है। यह आपराधिक लापरवाही उन सभी कमीशनखोरों की



भ्रष्टाचार' की नींव पर टिका महेवा घाट का पुल! यमुना नदी पर करोड़ों की 'घूसखोरी' ने खोदी लाखों की कब्र, कोठी नंबर 2 की दरारें चीख रही हैं 'जाँच कराओ'

ओर इशारा करती है जिन्होंने अपने जेब भरने के लिए लाखों लोगों की सुरक्षा से जानलेवा खिलवाड़ किया। जनता ने निर्णायक अल्टीमेटम दिया है कि भ्रष्टाचारियों पर 'देशद्रोह' का मुकदमा हो स्थानीय जनता में इस भ्रष्टाचार जन्य लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है और वे अब सड़क पर उतरने को तैयार हैं। उनकी स्पष्ट मांग है कि न सिर्फ पुल की मरम्मत युद्धस्तर पर शुरू हो,बल्कि इस निर्माण' के लिए जिम्मेदार सभी इंजीनियरों, ठेकेदारों और प्रशासनिक साझीदारों के खिलाफ तत्काल भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाए, और राष्ट्रीय संपत्ति तथा जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करने के लिए उन पर 'देशद्रोह' के तहत भी मुकदमा चलाया जाए शासन प्रशासन को अंतिम चेतावनी दी गई है यदि इस गंभीर दरार पर त्वरित और निर्णायक ध्यान नहीं दिया गया, और भविष्य में कोई बड़ी अनहोनी हुई, तो इसके लिए जिम्मेदार सभी भ्रष्ट अधिकारियों को जनता के जन धन हानि के प्रयास का सीधा दोषी माना जाएगा। अब समय नहीं है! तत्काल कार्रवाई हो,अन्यथा जनता की अदालत में भ्रष्टाचारियों का हिसाब होगा।

## ग्राम पंचायत बेरुई में लाखों का घोटाला

### पूर्व प्रधान इरफान पर भ्रष्टाचार और दबंगई के गंभीर आरोप

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के ग्राम पंचायत बेरुई में ग्राम पंचायत निधि में लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि पूर्व प्रधान मोहम्मद इरफान ने विकास कार्यों की मजदूरी और अन्य भुगतान की रकम सीधे अपने व्यक्तिगत खाते में स्थानांतरित करा ली, जिससे शासन की विकास निधि का दुरुपयोग हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान प्रधान मंजू देवी मात्र नाम की प्रधान हैं, जबकि प्रधानी का पूरा कार्य और निर्णय पूर्व प्रधान इरफान अहमद ही दबंगई के बल पर करता है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ग्राम पंचायत में आने वाली कॉलोनी में आवास आवंटन के नाम पर आवास प्रत्येक लाभार्थी से ?20,000 की अवैध वसूली की जा रही है। इतना ही नहीं, जब ग्रामीणों ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत करने की कोशिश की तो इरफान अहमद ने मारपीट और धमकी की घटनाओं को भी अंजाम दिया। इससे पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जिलाधिकारी तत्काल जांच टीम गठित करें और ग्राम पंचायत निधि में हुए इस बड़े घोटाले की पारदर्शी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करें।

# जब जब अधर्म का बोल बाला होता है तब तब प्रकृति का संतुलन बनाने हेतु भगवान का होता है अवतार : चन्द्रान्शु जी महाराज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सरसवां ब्लाक के पश्चिम सरांवा में चल रही राम कथा के छठवें दिन सोमवार को राम कथा वाचक डां चन्द्रान्शु जी महाराज ने श्री रामचरितमानस पर आधारित भगवान राम और केवट के बीच संवाद का सुंदर वर्णन किया। प्रभु श्री राम को 14 वर्ष वनवास की कथा श्रोताओं को सुनाई।इस मनभावन प्रसंग को सुनकर श्रोता भी मंत्र मुग्ध हो गए ,कथावाचक डां चन्द्रान्शु महाराज जी ने कहा कि भगवान राम की ऐसी पावन लीला है जिसे सुनकर मनुष्य का हृदय पवित्र हो जाता है। जिस प्रकार से प्रभु श्री राम ने भक्त केवट की लकड़ी की नाव में बैठकर गंगा नदी को पार किया और इस समय राम जी ने जो चरित्र दिखाया इसकी परिकल्पना नहीं की जा सकती गंगा नदी के किनारे



भगवान राम केवट से गंगा पार होने के लिए कहते हैं परंतु केवट अपने मन में समझ रहा है कि मैं बड़ा सौभाग्यशाली हूं मुझे प्रभु श्री राम के दर्शन हो गए मैं अपनी नाव में बिठाकर राम जी को पार तो लगाऊंगा ही परंतु उसके बदले में मैं और मेरा परिवार भी इस भवसागर से पार लग जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेन्द्र सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष फतेहपुर अभय प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र दीक्षित किसान नेता, शासकीय अधिवक्ता आद्या प्रसाद पाण्डेय सोमदत्त द्विवेदी पूर्व रउक्र जिला अध्यक्ष प्रधान संघ दीपनारायण त्रिपाठी,ग्राम प्रधान मवई घनश्याम शर्मा,राकेश पांडेय, दीपमाला सोनकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश, जिला महामंत्री संजय जायसवाल आदि तमाम क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# आसियान में मोदी की गैरहाजिरी

**दक्षिण** पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन, आसियान का शिखर सम्मेलन मलेशिया में होने जा रहा है। जिसमें इस बार भारत की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी शामिल नहीं हो रहे हैं, उनका प्रतिनिधि बनकर एस जयशंकर पहुंच रहे हैं। श्री मोदी की गैरहाजिरी को लेकर कोई ठोस कारण अब तक सामने नहीं आया है कि फलां-फलां वजह से मलेशिया पहुंचना बिल्कुल ही असंभव था। हालांकि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि ट्रंप से आमना-सामना न हो, इससे बचने के लिए नरेन्द्र मोदी आसियान में नहीं गए। वहीं हो सकता है कि बिहार चुनाव की व्यस्तता भी मोदी को देश के लिए जरूरी कामों से दूर कर रही है। प्रधानमंत्री का काम छोड़कर बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार करने का काम मोदी पहले भी करते रहे हैं। बहरहाल, आसियान जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए जरूरी होते हैं। मोदी बार-बार भारत को विश्वगुरु बनाने की बात करते हैं, लेकिन सोचने वाली बात है कि क्या इस तरह भारत का रसूख कायम होगा। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष जब आपस में मिलते हैं तो जरूरी मुद्दों पर चर्चा होती है, कई ऐसे समझौतों की राह बनती है, जो फोन पर चचाओं में संभव नहीं है। अमेरिका से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मलेशिया पहुंचे हैं और रास्ते में वो कतर होते हुए आए। दुनिया के दूसरे कोने से ट्रंप बार-बार एशिया का रुख कर रहे हैं, क्योंकि यहां उन्हें व्यापारिक, राजनैतिक, सामरिक लाभ नजर आ रहे हैं। रविवार सुबह ट्रंप रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे और कुआलालंपुर में उनकी मौजूदगी में थाईलैंड और कम्बोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। गौरतलब है कि थाईलैंड और कम्बोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रंप की अहम भूमिका बताई जा रही है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में रणनीतिक तौर पर खुद को शांतिदूत साबित करने में लगे हुए हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाने का दावा कम से कम 50 बार तो कर ही चुके हैं, जिसे मोदी ने गलत साबित करने की पुख्ता कोशिश एक बार भी नहीं की। उधर रूस से तेल खरीद को रोकने के लिए भी ट्रंप भारत पर दबाव बनाने की बात कह रहे हैं। मोदी इसे भी नकार नहीं रहे।

ऐसा नहीं है कि ट्रंप बड़ी नेकनीयत से ये सारे काम कर रहे हैं। शांति का उनका विचार गांधी और नेहरू के विचारों से दूर-दूर तक मेल नहीं खाता है। ट्रंप दबाव की राजनीति में यकीन रखते हैं और दुनिया पर वही थोप रहे हैं। अगर भारत की मौजूदा सरकार गांधीवादी सिद्धांतों और नेहरूवादी रणनीति के साथ बढ़ती तो ट्रंप की हिम्मत नहीं होती कि वो इतनी बेतकल्लुफी के साथ भारत के प्रधानमंत्री के लिए बयान देते। लेकिन अभी की शर्मनाक हकीकत यही है। ट्रंप शांतिदूत वाले चोगे को पहनकर बड़ी चतुराई से भारत को अलग-थलग कर रहे हैं।

पाकिस्तान पूरी तरह से ट्रंप की सरपरस्ती में है, अब मलेशिया में ट्रंप की मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होने वाली है।

# छठ पूजा : संस्कृति से विज्ञान

**डॉ. रामेश्वर मिश्र**

**छठ** पूजा सूर्य की गति और ऋतु परिवर्तन से भी जुड़ी है। कार्तिक और चैत्र माह में यह पर्व तब आता है जब मौसम में परिवर्तन होता है। यह वह समय है जब पृथ्वी सूर्य की किरणों की दिशा में हल्का झुकाव बदलती है और वातावरण में नई ऊर्जा प्रवाहित होती है। ऐसे में सूर्य उपासना न केवल आध्यात्मिक शांति देती है बल्कि जैविक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होती है। छठ पूजा भारत की जीवंत लोक संस्कृति का वह पर्व है जो आस्था, प्रकृति और विज्ञान को एक सूत्र में बांध देता है। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय जीवन-दर्शन, पर्यावरणीय चेतना और वैज्ञानिक सोच का भी प्रतीक है। भारत की मिट्टी में रचे-बसे लोक जीवन में छठ पूजा को सूर्य उपासना और मातृशक्ति की आराधना के रूप में विशेष स्थान प्राप्त है। विशेषकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों में यह पर्व लोक संस्कृति का अभिन्न अंग है। गांव की गलियों से लेकर नगरों के घाटों तक, हर जगह 'कांची ह ओ कांची रे छठी मईया' और 'केतकी के फूलवा सुगंध फैले रे'... जैसे लोकगीतों की गूंज इस पर्व को लोक भावना से जोड़ देती है। छठ पूजा का आरंभ वैदिक परंपरा से हुआ माना जाता है। सूर्योपासना का उल्लेख वेदों में बार-बार मिलता है। 'गायत्री मंत्र' में भी सूर्य की आराधना ही मुख्य विषय है-ओम भुभुर्वः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात। यह मंत्र सूर्य की उस ऊर्जा का स्मरण कराता है जो संपूर्ण सृष्टि को जीवन देती है। वेदों में सूर्य को 'सविता' कहा गया है, जो जीवन और चेतना का स्रोत है। इसी सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने और प्रकृति से संतुलन स्थापित करने के लिए छठ पूजा का विधान बना। पौराणिक मान्यताओं में कहा गया है कि पांडवों के वनवास के दौरान द्रौपदी ने छठ व्रत रखकर संकट से मुक्ति पाई थी, वहीं रामायण में भगवान राम और माता सीता द्वारा कार्तिक शुक्ल षष्ठी को सूर्य की उपासना का उल्लेख मिलता है। इन कथाओं ने इस पर्व को न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक आधार भी प्रदान किया।

छठ पूजा की सांस्कृतिक महत्ता इसकी लोकधुनों और सामूहिकता में प्रकट होती है। घाटों पर गूंजते लोकगीतों में मातृत्व, भक्ति और प्रकृति के प्रति प्रेम की भावनाएं अभिव्यक्त होती हैं। महिलाएं 'छठी मईया तोहर महिमा अपार' और 'उग हे सूरज देव भइनी के नहाइल बानी घाटे' जैसे गीत गाते हुए सूर्य और छठी मइया का आह्वान करती हैं। यह लोकसंगीत गांवों की धूल, जल और जन के साथ गूंथी हुई आत्मा की आवाज है। जब सारा समाज एक साथ नदी या तालाब के तट पर एकत्र होता है, तो वहां जाति, वर्ग या लिंग का कोई भेद नहीं रह जाता। हर व्यक्ति समान श्रद्धा के साथ सूर्य को अर्घ्य देता है। यही समरसता भारतीय लोकसंस्कृति का मूल है, जो छठ पूजा के माध्यम से जीवंत हो उठती है। छठ पूजा के पीछे निहित वैज्ञानिक सोच भी उतनी ही गहरी है। सूर्य हमारे जीवन का आधार है, जिसकी ऊर्जा के बिना पृथ्वी पर कोई अस्तित्व नहीं रह सकता। वेदों में कहा गया है-'सूर्योऽत्मा जगतस्तस्थुषश्च।' अर्थात सूर्य चर-अचर समस्त सृष्टि की आत्मा है। छठ पूजा के समय जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देने का अभ्यास स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभदायक है। इस समय सूर्य की किरणें कम तीव्र होती हैं और उनका स्पर्श शरीर में विटामिन डी के निर्माण में सहायक होता है। जल में खड़े रहने से शरीर के भीतर का तापमान संतुलित रहता है और त्वचा, आंखों तथा तंत्रिका तंत्र को लाभ पहुंचता है। यह एक



प्रकार का वैज्ञानिक ध्यान (सन मेडिटेशन) है जो मानसिक एकाग्रता और आत्मिक शांति प्रदान करता है।

इस व्रत का एक और वैज्ञानिक पहलू शरीर की शुद्धि से जुड़ा है। लगातार उपवास रखने और सात्विक भोजन ग्रहण करने से शरीर में एक प्रकार का डिटॉक्सिफिकेशन होता है। गुड़, चावल, गन्ना, नारियल और केले जैसे प्रसाद पदार्थों में प्राकृतिक पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो पाचन तंत्र को स्वच्छ और संतुलित रखते हैं। गांवों में लोग कहते हैं-'छठ करे जे सच्चे मन से, तन-मन होई पवित्तर।' यह लोकविश्वास केवल धार्मिक नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी सत्य है। छठ पूजा में प्रयुक्त सामग्रियां भी पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल हैं। मिट्टी के दीपक, बांस की सूप, गन्ने के डंडे, फल और शुद्ध अन्न, सब कुछ प्रकृति से प्राप्त होता है और वही फिर प्रकृति को अर्पित किया जाता है। यह जीवन चक्र की निरंतरता का प्रतीक है। व्रती जब नदी या तालाब की सफाई करते हैं और स्नान के लिए घाट सजाते हैं, तो यह न केवल धार्मिक कर्म है बल्कि जल संरक्षण और स्वच्छता का सामाजिक अभियान भी है। छठ पूजा सूर्य की गति और ऋ तु परिवर्तन से भी जुड़ी है। कार्तिक और चैत्र माह में यह पर्व तब आता है जब मौसम में परिवर्तन होता है। यह वह समय है जब पृथ्वी सूर्य की किरणों की दिशा में हल्का झुकाव बदलती है और वातावरण में नई ऊर्जा प्रवाहित होती है। ऐसे में सूर्य उपासना न केवल आध्यात्मिक शांति देती है बल्कि जैविक संतुलन बनाए रखने में भी सहायक होती है। भारतीय परंपरा में इसे 'यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे' के सिद्धांत से जोड़ा गया है, अर्थात जो कुछ शरीर में होता है वही ब्रह्मांड में भी घटित होता है। छठ पूजा इसी विचार को व्यवहार में उतारने का अवसर देती है, जब मनुष्य प्रकृति के साथ एकात्म हो जाता है। लोकगीतों और परंपराओं में छठी मइया को मातृशक्ति के रूप में देखा जाता है। वे संतान, स्वास्थ्य और समृद्धि की देवी मानी जाती हैं। लोककथाओं में कहा जाता है-'छठी मईया के किरपा से घर में हँसी-खुशी बनी रहे।' महिलाएं इस व्रत को अपने परिवार की मंगलकामना के लिए करती हैं। घाटों पर जब हजारों दीप जलते हैं, तब पूरा वातावरण मातृत्व और श्रद्धा से भर उठता है। यह दृश्य केवल भक्ति का नहीं, बल्कि ऊर्जा और संतुलन का प्रतीक है। छठ पूजा यह सिखाती है कि आस्था और विज्ञान एक-दूसरे के विरोधी नहीं बल्कि पूरक हैं। जहां आस्था मनुष्य को अनुशासन, भक्ति और आत्मसंयम की ओर ले जाती है, वहीं विज्ञान उस आस्था के कारणों को स्पष्ट करता है। सूर्य की पूजा केवल देवता के रूप में नहीं बल्कि जीवन ऊर्जा के रूप में की जाती है। उपवास केवल धार्मिक कर्म नहीं बल्कि शरीर की चिकित्सा है। जल और प्रकृति की आराधना केवल संस्कार नहीं बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी का बोध है। यही कारण है कि छठ पूजा भारतीय संस्कृति में 'संस्कृति से विज्ञान तक' की यात्रा का प्रतीक बन चुकी है। यह पर्व हमें यह भी याद दिलाता है कि मनुष्य और प्रकृति का संबंध केवल उपयोग का नहीं बल्कि सहयोग और सह-अस्तित्व का है। जब व्रती जल में खड़े होकर सूर्य को प्रणाम करता है, तो वह केवल सूर्य को नहीं, बल्कि उस समूची सृष्टि को नमन करता है जो उसे जीवन देती है। वेदों में कहा गया है-'सूर्ये तपत्यहर्निशं लोके, तेन जीवनमिदं जगत।' अर्थात सूर्य दिन-रात जगत को जीवन देता है। इसी जीवन का उत्सव है छठ पूजा, जहां लोकगीतों की मधुर ध्वनि, जल का स्पर्श, दीपों की लौ और आस्था का प्रकाश मिलकर एक ऐसा दृश्य रचते हैं जो मानवता की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति बन जाता है। छठ पूजा अंततः यह संदेश देती है कि जब तक सूर्य है, तब तक जीवन है, और जब तक आस्था है, तब तक मानवता है। यह केवल पूजा नहीं, बल्कि मानव, प्रकृति और विज्ञान के बीच संतुलन का उत्सव है।

# हवा को जहर बनाता दिल्ली का आत्मघाती प्रदूषण

**-ललित गर्ग-**

**दिल्ली** में बढ़ता प्रदूषण एक बार फिर दुनिया की नजरों में भारत की राजधानी को शर्मसार कर रहा है। कभी संस्कृति, ऊर्जा और प्रगति की पहचान रही दिल्ली आज धुएं और धूल की चादर में लिपटी दिखाई देती है। हवा में घुला जहर इस हद तक बढ़ चुका है कि सांस लेना भी एक जोखिम बन गया है। हाल ही में दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 345 के खतरनाक स्तर तक पहुंच गया जो ह्लबहुत खराबह्व से ह्लगंभीरह्व श्रेणी में आता है। यह स्थिति न केवल दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य के लिए खतरा है बल्कि यह भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार दोनों के लिए गहन चिंतन का विषय भी है। प्रश्न यह है कि क्यों हर वर्ष अक्टूबर-नवंबर में दिल्ली का आसमान धुंधला हो जाता है और जीवन दम घोंटने लगता है। इसका उत्तर जटिल है क्योंकि इसके लिए सरकार, समाज और व्यक्ति सभी जिम्मेदार हैं। दिल्ली की गिनती दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में होना हमारे विकास के मॉडल पर एक गंभीर टिप्पणी है। जहरीली हवा में सांस लेना मुश्किल होने पर श्वसनतंत्र के रोगियों को किस संत्रास से गुजरना पड़ा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। यह स्थिति अन्य अनेक असाध्य रोगों का भी कारण बनती है। प्रदूषण के प्रमुख कारणों में सबसे आगे है पराली जलाना। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों द्वारा खेतों में बची फसल के अवशेष जलाने से हवा में सूक्ष्म कणों की मात्रा खतरनाक रूप से बढ़ जाती है। हवा की दिशा दिल्ली की ओर होती है जिससे यहाँ प्रदूषण का स्तर तेजी से चढ़ता है। इसके साथ ही दिल्ली की सड़कों पर चल रहे लाखों वाहनों का धुआं, निर्माण कार्यों से उड़ती धूल, खुले में कचरा जलाना और जनसंख्या का दबाव इस संकट को और गहरा करते हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि दिल्ली अब ह्वविकासह्ल के नाम पर अपने ही अस्तित्व को निगलने लगी है। इस वर्ष एक बार फिर दीपावली के पटाखों ने प्रदूषण का चरम स्तर पर पहुंचा दिया है। भले ही कतिपय सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सबल आग्रह के बाद भी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में सिर्फ पर्यावरण को कम हानि पहुंचाने वाले ग्रीन पटाखों की अनुमति दी थी, लेकिन प्रदूषण का स्तर बता रहा है कि यह प्रयास विफल



रहा है। लोगों ने ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रदूषण फैलाने वाले पटाखे जमकर फोड़े हैं। जो लोगों के आत्मघाती व्यवहार का ही परिचायक है। वैसे पर्यावरणविदों का मानना है कि ग्रीन पटाखे प्रदूषण नहीं फैलाते, यह सोच तार्किक नहीं है। दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस तर्क से सहमत हुआ जा सकता है।

फिर भी यह कहना भी उचित नहीं कि सरकारें कुछ नहीं कर रहीं। केंद्र और राज्य सरकारों ने पिछले वर्षों में कई योजनाएँ शुरू की हैं। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने एवं भाजपा की सरकार बनने के बाद इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के उपक्रम हो रहे हैं। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) लागू किया गया, जिसके अंतर्गत प्रदूषण के स्तर के अनुसार चरणबद्ध नियंत्रण उपाय किए जाते हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिए सब्सिडी दी गई, हजारों ई-बसें चलाई गईं, स्मॉग टावर लगाए गए और ह्लग्रीन दिल्ली ऐपह्व के माध्यम से शिकायतों के समाधान की व्यवस्था की गई। पराली जलाने की समस्या से निपटने के लिए किसानों को वैकल्पिक मशीनें उपलब्ध कराई गईं और सब्सिडी दी गई। इन प्रयासों से कुछ हद तक राहत तो मिली, परंतु समस्या की जड़ अब भी जस की तस है क्योंकि यह समस्या केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि सामाजिक और मानसिक भी है। हम कभी पराली जलाने और कभी पटाखे छोड़ने को इस संकट का कारण बताते हैं, लेकिन वास्तव में प्रदूषण के कारक हमारे तंत्र की नाकामी में हैं, जिसकी वजह से दिल्ली के अधिकांश इलाकों में एक्यूआई तीन सौ पचास का आंकड़ा पार कर गया। दीपावली के बाद भी हवा का जहरीला बना रहना बेहद गंभीर विषय है। शायद वजह यह भी हो कि लोगों ने कुछ इलाकों में दो दिन दिवाली मनाई। लेकिन इस सारे प्रकरण में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की कवायदें भी निष्फल ही नजर आईं। ग्रैप-2 का लागू होना स्थिति की गंभीरता को ही दर्शाता है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दिल्ली में सर्दियों की शुरूआत होने पर वायु गुणवत्ता का संकट गहराने लगता है। जो दिल्ली की दिवाली के बाद प्राणवायु को ही दमघोंटू बनाने लगता है। हर साल शीर्ष अदालत की सक्रियता और सरकारी घोषणाओं के बावजूद स्थिति नहीं सुधरती तो यह हमारी आपराधिक लापरवाही की परिणति भी है। प्रदूषण बढ़ाने के अनेक कारण कठोर कानून के बावजूद यत्र-तत्र पसरे हैं। लोग अब भी खुले में कचरा जलाते हैं, अपने घरों और दुकानों के बाहर धूल फैलाते हैं, पुराने वाहनों का उपयोग जारी रखते हैं। हरियाली घटती जा रही है, वृक्ष कट रहे हैं और नए पौधे लगाने की परंपरा खत्म होती जा रही है। यह लापरवाही केवल सरकार पर दोष डालने से नहीं मिटेगी, बल्कि इसके लिए नागरिक चेतना की आवश्यकता है। यह सच है कि सरकार कानून बना सकती है, नियम लागू कर सकती है, परंतु जब तक जनता अपनी आदतें नहीं बदलेगी तब तक प्रदूषण पर काबू पाना असंभव है। यदि हम अन्य महानगरों से तुलना करें तो दिल्ली की स्थिति सबसे दयनीय है। मुंबई, बेंगलुरु या कोलकाता की तुलना में यहाँ प्रदूषण का स्तर दोगुना से भी अधिक है। इसका कारण यह है कि दिल्ली न केवल स्थानीय प्रदूषण झेलती है बल्कि पड़ोसी राज्यों के प्रभाव में भी आती है। इसलिए समाधान भी क्षेत्रीय स्तर पर ही संभव है। केंद्र सरकार को राज्यों के बीच समन्वय स्थापित कर स्थायी नीति बनानी होगी ताकि पराली प्रबंधन, निर्माण नियंत्रण, औद्योगिक उत्सर्जन और वाहनों की नीति पर एकरूपता लाई जा सके। इस समय आवश्यकता है कि प्रदूषण को सिर्फ मौसमी समस्या नहीं बल्कि राष्ट्रीय आपदा के रूप में देखा जाए। जनता में पर्यावरणीय चेतना को विद्यालयों, संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के माध्यम से फैलाया जाए। हर कॉलोनी में ह्यग्रीन जोनह्ल विकसित हों, शहरी वनों का निर्माण हो, और हर व्यक्ति साल में कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प ले। सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए और पुराने डीजल वाहनों को सख्ती से हटाया जाए। निस्संदेह, दिल्ली के प्रदूषण में अकेले पटाखों की ही भूमिका नहीं है, बल्कि लगातार बढ़ती आबादी का बोझ, हर साल बनने वाले एक लाख मकानों के निर्माण से फैलने वाला प्रदूषण तथा प्रतिवर्ष सड़कों पर उतरने वाली लाखों गाड़ियों का उत्सर्जन भी शामिल है। एक नागरिक के रूप में हमारा गैरजिम्मेदार व्यवहार इस संकट को बढ़ाने वाला है।

दिल्ली का यह प्रदूषण दरअसल हमारे विकास मॉडल की असफलता का आईना है, जहाँ हमने सुविधाओं को तो बढ़ाया पर जीवन की मूलभूत आवश्यकता-स्वच्छ हवा को खो दिया। यह केवल सरकार की विफलता नहीं बल्कि समाज की सामूहिक असंवेदनशीलता का भी परिणाम है। यदि अब भी हमने चेतना नहीं दिखाई तो आने वाली पीढ़ियाँ स्वच्छ हवा को केवल इतिहास की किताबों में पढ़ेंगी। अब समय है कि हम राजनीति, दोषारोपण और उदासीनता से ऊपर उठकर सांस लेने के अधिकार के लिए एकजुट हों। क्योंकि प्रकृति का शोषण नहीं, संरक्षण ही सभ्यता की पहचान है । और यदि हमने हवा को जहर बना दिया तो हमारे सारे विकास के प्रतीक बेमानी हो जाएंगे। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जब तक लोगों को यह अहसास नहीं होगा कि त्योहार के नाम पर जमकर जहरीले पटाखे छुड़ाना एक आत्मघाती कदम है, तब तक कोर्ट और सरकार के प्रयास विफल ही साबित होंगे। इसके लिए देश के राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों को साझी पहल करनी होगी। यह संकट सिर्फ दिल्ली या एनसीआर का नहीं है, मुंबई, कोलकाता आदि अनेक महानगरों के घातक प्रदूषण की चपेट में आने की खबरें हैं।

# देसी दीपावली की जरूरत क्यों है?

**बाबा मायाराम**

**पहले** स्कूलों में लंबी छुट्टी (24 दिन की) हुआ करती थी, जिसे फसली छुट्टी भी कहते थे। इस दौरान बच्चे उनके मां-बाप के साथ खेतों के काम में मदद करते थे। खेती के तौर-तरीकों सीखते थे, आसपास के पर्यावरण से परिचित होते थे। जमीनी हकीकत से जुड़ते थे। रिश्तेदारों के घर जाते थे। अब यह छुट्टी कम हो गई है। हमारे अधिकांश त्योहार खेती-किसानी से जुड़े हैं। कृषि सभ्यता के प्रतीक माने जाते हैं। लेकिन आज के दौर में कृषि सभ्यता में ठहराव आ गया है। खेती के साथ पशुपालन भी जुड़ा था, खेतों की बैलों से जुताई होती थी, जिसमें अब ट्रेक्टर व हारवेस्टर के आने से इसमें कमी आई है। आज के कॉलम में इन त्योहारों की परंपरा को याद करना जरूरी है, जिससे हम त्योहारों की भाईचारा व जोड़ने वाली परंपराओं को समझ सकें।

हम बचपन से दीपावली के त्योहार को देखते आ रहे हैं। इसकी तैयारी बहुत पहले से की जाती थी। दूरदराज रहने वाले परिजन छुट्टी में घर आते थे। उमंग व उत्साह का माहौल होता था। घर की साफ-सफाई, रंगरोगन, लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा और अन्न (धन धान्य) की पूजा की जाती है। लेकिन अब इन त्योहारों पर बाजार का असर दिखाई देता है। आज रात-रात पर पटाखे फोड़े जाते हैं, उपहार दिए जाते हैं, घरों व सड़कों पर जगमग रंग-बिरंगे बल्बों से रोशनी की जाती है। इस सबमें त्योहार में जो उमंग व उत्साह होता था, पीछे छूटता जा रहा है।

पहले मिट्टी के दीये जलाए जाते थे। अब बिजली के बल्बों से रोशनी की जाती है। मिट्टी के दीये स्थानीय स्तर पर मिट्टी के बनाए जाते थे, जिन्हें बार- बार इस्तेमाल किया जा सकता है। मिट्टी अजर अमर है। अब इसकी जगह बिजली के बल्बों ने ले ली है। मोम के दीये भी आ गए हैं। लेकिन मिट्टी की जो खुशबू है, वह कहीं खो सी गई है। खेती के पशुपालन जुड़ा है। इस मौके पर गाय-बैल को नहलाया-धुलाया जाता था। बैलों के प्रति विशेष प्रेम तब दिखाई देता है जब उन्हें दीपावली पर रंग-बिरंगी फीते, गेंठा, मुछेड़ी, नाथ और पट्टों से सजाया जाता है। दीपावली के बाद मड़ई-मेलों में बैलगाड़ी से लोग सपरिवार जाते हैं। गाय की पूजा की जाती है। उन्हें अनाज खिलाया जाता है। यानी गाय-बैल को समान



रूप से सम्मान मिलता था।

हमारे नर्मदांचल में दीपावली के अगले दिन गोधन बनाई जाती है। देसी बीजों के जानकार बाबूलाल दाहिया बताते हैं कि गो -धन का आशय सीधे गो वंश से था, कृषि आश्रित समाज में घर में जितना गोवंश उतनी अच्छी खेती और उतनी ही सम्पन्नता। पुरानी खेती-किसानी में रुपए-पैसे की पूंजी का कही कोई स्थान नहीं था। गाय बैल ही सम्पन्नता के परिचायक होते थे। अब रासायनिक खेती के दुष्परिणामों के मद्देनजर आज फिर किसान पुरानी पारंपरिक खेती को याद कर रहे हैं। बाबूलाल दाहिया बताते हैं कि 'हमारे सभी त्योहार खेती से जुड़े हैं। दीवाली भी इनमें से एक है। इसी समय खरीफ की फसलें पककर आने लगती हैं। खुशी व उल्लास का मौका होता है'। किसानों से ही अन्य जातियां जुड़ी हैं। इन सबको इनके काम, सामान व सेवाओं के बदले अनाज दिया जाता है, जिससे इनके घर में खुशियां आती हैं।

वे आगे बताते हैं कि 'इस मौके पर गाय-बैल को सजाया जाता है। उनकी पूजा की जाती है। हल-बक्खर जैसे कृषि-औजारों की पूजा की जाती है। यह वह समय होता है जब किसान के घर में खरीफ की फसल पककर घर आ जाती है- ज्वार, मक्का, चावल और उड़द जैसी दालें। अरहर की फसल को छोड़कर, वह बाद में आती है, सब फसलें आ जाती हैं। पारंपरिक तौर पर होली का त्यौहार प्राकृतिक रंगों से मनाते आ रहे हैं। जैसे पलाश के फूलों को उबाल कर रंग बनाया जाता था, जो काफी अच्छा रंग होता था। दीवाली में भी चौक इत्यादि आटे से बनाए जाते थे। मिट्टी के दीया जगमग करते थे। गोवर्धन पूजा के दौरान फू ल, पत्तियां व कई तरह के घास को पूजास्थल पर रखा जाता था। लेकिन अब कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल होता है। दीपावली पर रंगोली बनाई जाती है, उसमें कृत्रिम रंगों का इस्तेमाल होता है। कृत्रिम रंगों से रंगोली बनाएंगे तो उससे प्रदूषण होगा। अक्सर त्योहारों में रंगोली बनाई जाती है, दूसरे दिन उसे साफ कर दूसरी रंगोली बनाई जाती है। विशेषकर, दशहरा-दीवाली के दौरान घर-घर में यही देखा जाता है। यह रंगोली अगले दिन कचरे में जाती है। उसके जहरीले रंग मिट्टी, पानी में पहुंचकर प्रदूषण फैलाते हैं। यह कचरा संस्कृ ति है। इसमें हम कितनी सफाई करें, दूसरे दिन फिर कचरा पैदा हो जाता है। इसलिए हमें ऐसी जीवनशैली की जरूरत है, जिसमें कचरा पैदा ही न हो। यह संस्कृति पूर्व में गांव में देखी जाती थी। लम्बे अरसे से मनुष्य ऐसा करते आ रहे हैं। कई तरह के पेड़-पौधों, पत्तियों, फलों के रस से रंग बनाए जाते हैं। पौधों में रंग बनाने की विशेषता के साथ ही औषधीय गुण भी होते हैं, जिनका उपयोग पारंपरिक चिकित्सा में होता रहा है। प्राकृतिक व जैविक रंगों की विशेषता यह है कि इनका रंग आसानी से धुल जाता है, जबकि ऑईल पेंट आसानी से साफ नहीं होता, और शरीर की त्वचा के लिए हानिकारक माना जाता है। इसके अलावा, पहले स्कूलों में लंबी छुट्टी (24 दिन की) हुआ करती थी, जिसे फसली छुट्टी भी कहते थे। इस दौरान बच्चे उनके मां-बाप के साथ खेतों के काम में मदद करते थे। खेती के तौर-तरीकों सीखते थे, आसपास के पर्यावरण से परिचित होते थे। जमीनी हकीकत से जुड़ते थे। रिश्तेदारों के घर जाते थे। अब यह छुट्टी कम हो गई है। लेकिन अब यह लम्बी छुट्टी नहीं होती। शिक्षा से कृषि का जुड़ाव दिखाई नहीं देता है। हाथ से उत्पादन करके सीखने को प्रेरित नहीं किया जाता है। शिक्षा से श्रम का मूल्य गायब है, इसलिए नई पीढ़ी खेती से दूर होती जा रही है। हालांकि इसके और भी कारण हैं, पर यह भी कारण है। अब नई पीढ़ी की खेती में रूचि नहीं है।

# सोना बरसा मैदानों में चित्रकूट के खिलाड़ियों ने मंडल में रचा नया इतिहास

- बांदा दूसरे और महोबा तीसरे स्थान पर
- बरसात भी न रोक सकी जोश

अखंड भारत संदेश



मंडलीय खेलों में प्रदर्शन करते छात्र

**चित्रकूट।** बरसात की बूंदें जब मैदान को भीगाने लगीं, तब भी चित्रकूट के जज्बे की तपिश ठंडी नहीं हुई। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी में चल रही तीन दिवसीय मंडलीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में चित्रकूट के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया। सहसंयोजक डॉ रणवीर सिंह चौहान के अनुसार सुबह की बारिश से आयोजन थोड़े समय के लिए बाधित हुए, पर दोपहर होते ही मैदान में खिलाड़ियों का जोश आसमान छूने लगा। सीनियर बालक वर्ग में चित्रकूट के सुनील कुमार ने 3000 मीटर और 1500 मीटर दौड़ दोनों में स्वर्ण पदक जीते, जबकि बांदा के राहुल गिरी ने 400 मीटर में बाजी मारी। लंबी कूद में चित्रकूट के राहुल और रोहित ने क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। ऊंची कूद में चित्रकूट के सचिन सोनकर अव्वल रहे। जूनियर बालिका वर्ग में भी चित्रकूट की राखी देवी, अनामिका देवी, जया और अर्चना देवी ने शानदार प्रदर्शन कर जिले को गौरवान्वित किया। गोला फेंक, भाला फेंक, डिस्कस और हैमर थ्रो जैसी प्रतियोगिताओं में बांदा और महोबा के खिलाड़ियों ने भी मजबूत चुनौती दी, पर समग्र अंकतालिका में चित्रकूट ने बाजी मार ली। सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भी चित्रकूट का दबदबा रहा। हनुमान प्रसाद शुक्ला के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों में दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। प्रतियोगिता के अंत में सहसंयोजक डॉ रणवीर सिंह चौहान, मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त प्रधानाचार्य जेपी मिश्रा, राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता मैयादीन पटेल, और राज्यपाल पुरस्कृत लालमन प्रजापति ने विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तीन दिवसीय मुकाबलों के अंत में चित्रकूट मंडल विजेता बना, बांदा दूसरे और महोबा तीसरे स्थान पर रहे। इस सफलता के पीछे शिक्षकों और निर्णायकों की निष्ठा, खिलाड़ियों का परिश्रम और चित्रकूट की मिट्टी का जज्बा साफ झलक रहा था कृ सच में, मैदान पर जो जीत हुई, वो मन में बसी रही।

## बोर्ड की चेतावनी- पंजीयन नहीं कराया तो छिन जाएगा कन्या विवाह योजना का लाभ

- 85 हजार तक की सहायता दांव पर
- 15 नवम्बर तक नवीनीकरण कराएं

**चित्रकूट।** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की कन्या विवाह सहायता योजना के तहत अब समय पर पंजीकरण और नवीनीकरण बेहद जरूरी कर दिया गया है। सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता ने स्पष्ट किया कि बिना वार्षिक नवीनीकरण के कोई भी श्रमिक योजना का लाभ नहीं पा सकेगा। 15 नवम्बर 2025 तक जिनका पंजीकरण चार वर्ष से लंबित है, उनका रिकॉर्ड स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि निर्माण श्रमिक अब अपने घर बैठे या जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण और नवीनीकरण करा सकते हैं। योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक की पुत्री के विवाह पर 66 हजार रुपए अन्तजार्तीय विवाह पर 75 हजार रुपए और सामूहिक विवाह (कम से कम 11 जोड़े) की स्थिति में 85 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। यह लाभ केवल दो पुत्रियों तक ही सीमित रहेगा। आवेदक को अपनी पात्रता का शपथ-पत्र, विवाह पंजीकरण प्रमाणपत्र और समस्त आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने होंगे। यदि किसी ने झूठे दस्तावेजों से लाभ लिया, तो धनराशि की वसूली भू-राजस्व की तरह की जाएगी। श्रम विभाग ने श्रमिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना पंजीकरण अद्यतन कर लें, ताकि सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ बेटियों और परिवारों तक पहुंच सके। यह योजना न केवल आर्थिक सहारा है, बल्कि बेटियों के सम्मान और सुरक्षा की दिशा में सरकार का ठोस कदम भी है।

## जिले में तैयार हो रही है नई सिविल डिफेंस फोर्स, अब नागरिक भी निभाएंगे सुरक्षा की ड्यूटी

- 18 से 60 वर्ष तक के नागरिकों को मौका
- हर नागरिक बनेगा देश का रक्षक

**चित्रकूट।** देशभक्ति और सेवा का जज्बा अब सरकारी दफ्तरों तक सीमित नहीं रहेगा- चित्रकूट में अब आम नागरिक भी बन सकेंगे अपने शहर के सच्चे रक्षक। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) एवं नोडल अधिकारी नागरिक सुरक्षा कोर उमेश चन्द्र निगम ने बताया कि जनपद के नगरीय क्षेत्रों में नागरिक सुरक्षा कोर के अवैतनिक स्वयंसेवकों की भर्ती शुरू की जा रही है। यह संगठन 1968 के नागरिक सुरक्षा विनियमों के तहत गठित है, जिसका उद्देश्य शांति काल में जनता को युद्ध जैसी परिस्थितियों, आपातकालीन हालात और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना है। नागरिक सुरक्षा कोर में शामिल होने के लिए 18 से 60 वर्ष की आयु के स्वस्थ, सक्रिय, अराजनैतिक और अच्छे चरित्र वाले महिला व पुरुष आवेदन कर सकते हैं। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल रखी गई है। आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, प्राथमिक उपचार या सुरक्षा कार्यों का अनुभव रखने वालों को वरीयता मिलेगी। यह स्वयंसेवी बल युद्ध या आपदा जैसी स्थितियों में जन-धन की रक्षा, बचाव कार्य, औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा योजना और नागरिकों को संकट से उबारने की जिम्मेदारी निभाएगा। आवेदन प्रपत्र जिलाधिकारी/ नागरिक सुरक्षा कोर कार्यालय चित्रकूट से किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन 15 नवम्बर की शाम 4:30 बजे तक जमा किए जाएंगे।

## बीसीआई का विवादित आदेश- अधिवक्ताओं पर 8 गुना नामांकन शुल्क का झटका, बुन्देलखण्ड में हड़कंप

- शुल्क वृद्धि से चुनाव जोखिम में
- बुन्देलखण्ड के अधिवक्ता होंगे वंचित

**चित्रकूट।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा 25 सितम्बर 2025 को जारी किए गए विवादित आदेश ने पूरे अधिवक्ता समाज में हड़कंप मचा दिया है। वरिष्ठ अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने राष्ट्रपति महोदया और केंद्रीय सरकार के उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। आदेश के अनुसार 2026 के चुनाव में नामांकन शुल्क 8 गुना बढ़ाकर एक लाख 25 हजार रुपए और वोटर लिस्ट शुल्क 25 हजार रुपए कर दिया गया, जबकि पिछले चुनाव में यह क्रमशः 15 हजार और 10 हजार रुपए मात्र था। विनय कुमार पाल का कहना है कि यह कदम बुन्देलखण्ड जैसे पिछड़े जिलों के सामान्य अधिवक्ताओं के लिए चुनाव में भागीदारी को लगभग असंभव बना देगा। उन्होंने कोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने किसी भी चुनाव में नामांकन शुल्क में इस तरह की भारी वृद्धि नहीं की है। जबकि लोकसभा और विधान सभा के चुनावों में तो नामांकन शुल्क क्रमशः 25 हजार और 10 हजार रुपए ही पर्याप्त होते हैं। अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने विशेष अनुरोध किया है कि बीसीआई का यह आदेश 10 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि तक सीमित किया जाए, ताकि अधिकतम अधिवक्ता चुनाव में भाग ले सकें और संविधानिक अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने राष्ट्रपति से अपील की है कि पिछले चुनाव जैसा नामांकन शुल्क बरकरार रखा जाए और बीसीआई के आदेश दिनांक 25 सितम्बर को तुरंत निरस्त किया जाए। यह याचिका बुन्देलखण्ड और अन्य पिछड़े जिलों के अधिवक्ताओं के लिए न्याय की उम्मीद जगाती है और पूरे अधिवक्ता समाज में नए सिरे से चर्चा का विषय बन गई है।

## मानिकपुर में 52 पत्तों का खेल खत्म सात जुआरी नकदी समेत गिरफ्तार

- किस्मत आजमाने निकले खिलाड़ी
- ताश की गड्डी ने खोली किस्मत

अखंड भारत संदेश



पुलिस गिरफ्त में आरोपी

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र में चल रहे जुए के खेल का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने सात लोगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान मौके से 52 ताश के पत्ते, 51,100 रुपये नकद माल-फड़ तथा जामा तलाशी में 5,900 रुपये बरामद किए गए हैं। बताया गया है कि सभी आरोपी हार-जीत की बाजी पर ताश खेल रहे थे, जब पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सुशील कुमार, पुष्पराज मिश्रा, रामू रैकवार, राकेश तिवारी, धन कुमार यादव, मोहम्मद कासिम और पंकज जायसवाल शामिल हैं। सभी विभिन्न मोहल्लों- इन्द्रानगर, महावीर नगर और ऐलहा बढ़ैया- के निवासी बताए गए हैं। यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में दारोगा कन्हैया बक्स सिंह और उनकी टीम ने की। छापेमारी के दौरान टीम में दारोगा सत्यम त्रिपाठी, हरी सिंह, सुभाष सिंह तथा हेड कांस्टेबल अशोक शर्मा, अजीजउद्दीन, मनोज कुमार, संतोष सिंह और विवेक कुमार शामिल रहे। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक यह क्षेत्र लंबे समय से ऐसे खेलों के लिए चर्चित रहा है, जहां रात के सन्नाटे में पत्तों की गड्डी पर किस्मतें दांव पर लगाई जाती हैं। फिलहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी है और जुए के नेटवर्क से जुड़ी अन्य कड़ियों की जांच की जा रही है।

## किसानों की मेहनत पर 2 प्रतिशत की डकैती- आढ़तियों की मनमानी पर भाकियू का हल्ला बोल

- किसान यूनियन का प्रशासन को अल्टीमेटम
- गल्ला मंडी में शोषण का खेल बंद करो

अखंड भारत संदेश



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू सदस्य

**चित्रकूट।** गल्ला मंडी में वर्षों से चल रहे शोषण के खिलाफ सोमवार को भारतीय किसान यूनियन का गुस्सा फट पड़ा। जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में दर्जनों किसानों ने उपजिलाधिकारी सदर पूजा पाल को ज्ञापन सौंपकर चेताया कि इस बार किसानों की मेहनत पर आढ़तियों का पंजा नहीं चलने दिया जाएगा। राम सिंह राही ने कहा कि हर साल धान की खरीद के वक्त आढ़ती किसानों से 2 प्रतिशत टीडीएस काटकर भुगतान करते हैं, जबकि ऐसा कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। किसान को नगद या चेक से भुगतान पर किसी भी तरह की कटौती का अधिकार किसी व्यापारी को नहीं है। उन्होंने कहा कि किसान का खून-पसीना लूटने की यह परंपरा अब खत्म होगी। जिला महामंत्री अरुण कुमार पांडेय ने युवा व्यापार गल्ला आढ़ती समिति के अध्यक्ष ज्ञान सिंह और थोक व्यापारी संघ अध्यक्ष शिवमंगल सिंह से मुलाकात कर खुलकर विरोध दर्ज कराया। बैठक में टीडीएस कटौती को किसान विरोधी और गैरकानूनी करार दिया गया। यूनियन ने प्रशासन से मांग की कि शोषण की इस प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए, वरना किसान संगठन धरना-प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन के दौरान मंडल सचिव उदयनारायण सिंह, जिलाउपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल, तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, ज्ञान सिंह और जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र सिंह मौजूद रहे। किसानों ने साफ कहा- इस बार धान बिकेगा ईमान से, न कि कटौती के नाम पर अपमान से।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना- मेधावी बच्चों को दिशा देने आएं, बनें शिक्षा के मार्गदर्शक

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत अब प्रतिभाशाली शिक्षकों के लिए सुनहरा अवसर आया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि जेईई, नीट और अन्य एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए अनुभवी व कुशल विषय विशेषज्ञों की आवश्यकता है। शिक्षकों का चयन साक्षात्कार व ट्रायल लेक्चर के माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 27 अक्टूबर से 10 नवंबर 2025 तक अपना अद्यतन बायोडाटा व अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रतियां मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक या समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। नीट/जेईई विषयों के लिए एमएससी प्रथम श्रेणी, एमबीबीएस, बीडीएस, एमटेक या बीटेक योग्य अभ्यर्थी पात्र होंगे। वहीं एकदिवसीय परीक्षाओं (एसएससी, बैंक, रेलवे) हेतु स्नातक डिग्री व कम से कम दो वर्ष का शिक्षण अनुभव अपेक्षित है। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष 8005312789 पर संपर्क किया जा सकता है।

## अजय मिश्रा बने बांदा-चित्रकूट के प्रभारी विधायक प्रकाश द्विवेदी बने संरक्षक




उत्तर प्रदेश निविदा कर्मचारी का शपथ ग्रहण समारोह

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश निविदा संविदा कर्मचारी संघ का वार्षिक सम्मेलन बांदा में ऊर्जा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन की नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। सम्मेलन के दौरान सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी को संगठन का संरक्षक घोषित किया गया, जबकि अजय मिश्रा ने जिला प्रभारी (यूपीपीसीएल) बांदा-चित्रकूट का पदभार ग्रहण किया। मंच से संगठन की एकजुटता, अधिकारों की लड़ाई और कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों पर जोशिला संदेश दिया गया। उपस्थित संविदा कर्मियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे अब अपने हक और सम्मान की लड़ाई संगठित रूप से लड़ेंगे। समारोह मेंएकता ही शक्ति है के नारे गूंजते रहे और कार्यक्रम उत्साह, प्रतिबद्धता और संगठन की नई दिशा का प्रतीक बन गया।

## भागलपुर जा रही लोकमान्य एक्सप्रेस की कपलिंग टूटी, रेलवे कर्मियों की तत्परता ने बचाई जान

अखंड भारत संदेश



डिकपलिंग होने से दो हिस्सों में बंटी ट्रेन

**मानिकपुर/चित्रकूट।** सतना-मानिकपुर रेल खंड पर मझगवां-टिकरिया के बीच रविवार-सोमवार की देर रात एक बड़ा रेल हादसा टल गया। लोकमान्य तिलक टर्मिनल से भागलपुर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की कपलिंग टूटने से ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई, लेकिन रेलवे अधिकारियों की सतर्कता और तकनीकी तैयारियों के कारण किसी यात्री को चोट नहीं आई। यह घटना लगभग तीन बजे हुई, जब ट्रेन धीमी गति से चल रही थी। गार्ड की बोगी सहित तीन डिब्बे मुख्य ट्रेन से अलग होकर लगभग 200 मीटर पीछे छूट गए, जिससे डाउन लाइन पर रेल यातायात लगभग चार घंटे तक प्रभावित रहा। रेलवे के अनुसार, ट्रेन की धीमी गति (10 किलोमीटर प्रति घंटे) और ऑटोमेटिक ब्रेक ने बड़ा हादसा होने से रोक दिया। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी, तकनीकी स्टाफ, एरिया मैनेजर नरेश सिंह, स्टेशन मास्टर अब्दुल मतीन, आरपीएफ और जीआरपी की टीमें मौके पर पहुंचीं। तकनीकी टीम ने एस 1 कोच को अलग किया और यात्रियों को अन्य कोचों में सुरक्षित स्थानांतरित किया। इसके बाद ट्रेन के शेष बोगियों को जोड़कर सुबह 7 बजे भागलपुर के लिए रवाना किया गया। रेलवे ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं, ताकि कपलिंग टूटने के वास्तविक कारण का पता लगाया जा सके। इस घटना ने रेलवे सुरक्षा व्यवस्था और समय पर कार्रवाई की महत्ता को फिर साबित कर दिया।

## चित्रकूट कोषागार घोटाले में पेंशनर्स ने लौटाए करोड़ों, जांच तेज

**चित्रकूट।** कोषागार घोटाले में अनियमित भुगतान के पदार्फाश के बाद 22 पेंशनर्स ने अब तक 1 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि जमा कर दी है। अधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि पूरी जांच निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की जा रही है और जो पेंशनर पैसा लौटाना चाहते हैं, वे तुरंत कोषागार संपर्क करें। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि नौ अक्टूबर से आरोपियों से धनराशि वसूल की जा रही है और 27 अक्टूबर तक कुल 1,11,76,661 रुपये जमा कराए जा चुके हैं। इस घोटाले में चार कोषागार कर्मियों और 93 पेंशनर्स के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है, जिनमें बेसिक, माध्यमिक शिक्षा व सिविल पेंशनर शामिल हैं। अब तक मोहनलाल, ब्रजनंदन, जीवनलाल, लल्लू प्रसाद, कैलाश नाथ, कामता प्रसाद, महिपाल, अवधेश कुमार, जयश्री, घनश्याम दत्त, हीरालाल मिश्रा, रूक्मणी देवी सहित कई पेंशनर्स ने धनराशि लौटाई है।

## कर्वी के मयंक पांडेय ने छुआ विज्ञान की बुलंदियों का शिखर, हासिल किया अखिल भारतीय चयन

अखंड भारत संदेश



मयंक को सम्मानित करते शिक्षकगण

**चित्रकूट।** नगर कर्वी के प्रतिष्ठित बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के भैया मयंक पांडेय ने अखिल भारतीय स्तर पर चयन प्राप्त कर जिले और विद्यालय का नाम रोशन कर दिया है। यह उपलब्धि 23वीं क्षेत्रीय विज्ञान मेला में मिली, जिसका आयोजन विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश ने फतेहपुर में किया, जिसमें पूरे 49 जिलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मयंक पांडेय और उनके सहपाठी अनुज सिंह ने संकुल एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्टेट प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया, जिसमें मयंक को पहला और आशीष को दूसरा स्थान मिला। इस सफलता ने न सिर्फ विद्यालय का, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। विद्यालय के भैया हर बार मण्डल और राष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाते रहे हैं, और इसी क्रम में यहां से पढ़े सैकड़ों छात्र आज सरकारी सेवाओं में योगदान दे रहे हैं। इस उपलब्धि के पीछे आचार्यों का समर्पण और प्रबंध समिति का कुशल निर्देशन मुख्य कारण है। विद्यालय अध्यक्ष कमलाकांत उपाध्याय, प्रबंधक श्यामसुंदर मिश्र, कोषाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि और प्रधानाचार्य राघवेंद्र पांडेय ने मयंक एवं उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। विज्ञान प्रमुख आचार्य धीरेंद्र वाजपेई ने इस सफलता की जानकारी साझा करते हुए पूरे विद्यालय में खुशी की लहर का वर्णन किया।

# दक्षिण लेबनान में इजरायली हवाई हमले, चार की मौत



**बेरूत/यरूसलम।** दक्षिण लेबनान में इजरायली हवाई हमलों में चार लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, रविवार को इजरायल के ड्रोन और लड़ाकू विमानों ने लेबनान के दक्षिणी और पूर्वी इलाकों में कई गाड़ियों को निशाना बनाया।इस बीच, सुरक्षा सूत्रों ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि मृतकों में तीन हिज्बुल्लाह के सदस्य थे और चौथा एक सीरियाई नागरिक था। वहीं, इजरायली सेना ने कहा कि उसने रविवार को दो बार हमले किए, जिनमें हिज्बुल्लाह के एक अधिकारी और संगठन के लिए हथियार सप्लाई करने वाले एक व्यक्ति की मौत हुई। ये हमले जावतार, कलैलेह, नकूरा और नबी शीट इलाकों में हुए। यह सप्ताह अब तक के सबसे घातक सप्ताहों में से एक बताया जा रहा है। लेबनानी अधिकारियों ने कहा कि इस हफ्ते इजराइल के हमलों में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है। इजरायली सेना के प्रवक्ता अवीचाय अद्रई ने बताया कि कलैलेह में हिज्बुल्लाह की रेडवान फोर्स के एक प्रमुख सदस्य को मार गिराया गया। इजरायली अधिकारियों ने कहा कि यह कार्रवाई दक्षिण लेबनान में हिज्बुल्लाह की सैन्य गतिविधियों को दोबारा शुरू होने से रोकने के लिए की गई। हालांकि नवंबर 2024 से इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच संघर्ष विराम लागू है, लेकिन इजरायल लेबनान में लगभग रोजाना हमले जारी रखे हुए है। इजरायल का कहना है कि ये हमले सीमा पर हिज्बुल्लाह की सक्रियता को रोकने के लिए हैं। लेबनान और कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने इन हमलों की निंदा की है । और इन्हें युद्धविराम का उल्लंघन बताया है। इजरायली मीडिया के अनुसार, पिछले 24 घंटों में किए गए सटीक हमलों में हिज्बुल्लाह के कई वरिष्ठ कमांडर मारे गए। इनमें दक्षिण लेबनान में रेडवान फोर्स के एंटी-टैंक यूनिट के कमांडर जैन अल-अबिदीन हुसैन फातूनी, कलैलेह में वरिष्ठ अधिकारी मोहम्मद अकरम अरबिया, नकूरा में अब्द महमूद अल-सैयद और सीरिया-लेबनान सीमा पर हथियार तस्करी करने वाले अली हुसैन अल-मुस्सावी शामिल थे। इस बीच, इजरायल के रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज ने अमेरिकी विशेष दूत मॉर्गन ऑर्टागस के साथ इजरायल-लेबनान सीमा का दौरा किया।

# भारत वाली 5000 मिसाइल लेकर अमेरिका पर टूट पड़ा हरियाणा जितना बड़ा देश, हिले ट्रंप

**अमेरिका**

**अमेरिका** और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही में जो हलचल देखने को मिली है, उससे लग रहा है कि दोनों देशों के बीच जंग कभी भी भड़क सकती है। खासकर लैटिन अमेरिका में अमेरिका ने करीब 10 हजार अपने सैनिकों की तैनाती के साथ ही अपने कई खतरनाक युद्धपोत, एयरक्रॉफ्ट कैरियर, परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती बढ़ाई है। उसके बाद से तो ऐसा लग रहा है कि अमेरिका की सेना वेनेजुएला पर हमला करने के मूड में है। लेकिन यहां गौर करने वाली बात ये है कि अमेरिका की तमाम बड़ी तैयारियों के बावजूद भी वेनेजुएला झुकने को तैयार नहीं है। बल्कि अमेरिका को भिड़ने की सीधी चुनौती भी दे रहा है। ऐसे में हर किसी के मन में यही सवाल है कि वेनेजुएला अमेरिका से कई गुणा छोटा देश होने के बावजूद भी कैसे उसे सीधे




ललकार रहा है। आपको बता दें कि वेनेजुएला की आबादी भारत के राज्य हरियाणा जितनी है।

आखिर वेनेजुएला के पास ऐसा क्या है कि वो दुनिया की महाशक्तियों में से एक अमेरिका को खुली चेतावनी देते हुए कह रहा है कि अगर कोई भी हिमाकत की तो उसका मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। वेनेजुएला के पास आखिर ऐसे कौन से हाईटेक हथियार हैं जो अमेरिका से जंग लड़ने के लिए तैयार दिख रहा है। दरअसल, अमेरिका और वेनेजुएला अब आमने सामने आ गए हैं। अमेरिका को जवाब देने के लिए वेनेजुएला ने रूसी हथियारों को मैदान में उतार दिया है। रूसी हथियारों की एंट्री ने ट्रंप की भी टेंशन बढ़ा दी है। उधर चीन भी वेनेजुएला के सपोर्ट में उतर आया है। चीन ने ट्रंप प्रशासन के वेनेजुएला के तट पर अमेरिकी सैन्य तैनाती की कड़े शब्दों में निंदा की है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस ने कहा है कि उनकी सेना के पास देशभर में कम से कम पांच हजार रूस में बनी ईग्ला एस मानव पोर्टेबल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें हैं। ये वही मिसाइलें हैं जिसका इस्तेमाल भारत भी करता है। राष्ट्रपति मादुरे ने पिछले 10 सालों में इस मिसाइल पर काफी निवेश किया है। ये कंधे से दागे जाने वाली मिसाइल है। पांच हजार से ज्यादा ईग्ला एस मानव पोर्टेबल मिसाइलें अमेरिकी विमानों के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

माधुरों को सत्ता से हटाने के लिए अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल एक्सपोर्ट पर भी सेंशंस लगा दिए। वेनेजुएला में गृह युद्ध जैसे हालात पैदा कर दिए गए। लेकिन निकोलस मादुरो टस से मस नहीं हुए। ऐसे में आखिरी और सबसे बड़ा हमला करने के लिए अमेरिकी डीप स्टेट ने लोकतंत्र का सहारा लिया। अमेरिका ने कहा है कि अब वक्त आ गया है कि वेनेजुएला में भी लोकतंत्र आए। अमेरिकी डीप स्टेट ने ऐलान किया है कि माधुरों के जाने का वक्त आ गया है और उनकी जगह वेनेजुएला में लोकतंत्र की लड़ाई लड़ रही मरिया कोरीना मचाडो को आना चाहिए।

मरिया कोरीना मचाडो है जो अमेरिकी डीप स्टेट के कहने पर पिछले कई सालों से निकोलस माधुरों के खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। इन्हीं मरिया कोरीना मचाडो को हाल ही में शांति का नोबेल पुरस्कार दिलवाया गया है ताकि मादुरों को हटाया जाए और मचाडो को सत्ता में लाया जाए।

## छह दिवसीय एशियाई यात्रा पर ट्रंप, जापान के लिए हुए रवाना, पहली महिला पीएम ताकाइची से करेंगे मुलाकात

**कुआलालंपुर। अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी छह दिवसीय एशियाई यात्रा पर हैं। मलेशिया में आसियान समिट में शामिल होने के बाद वह दूसरे पड़ाव के लिए जापान रवाना हो गए हैं। व्हाइट हाउस की तरफ से इसकी जानकारी दी गई। जापान के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, "अभी-अभी मलेशिया से विदा ली है, जो एक महान और जीवंत देश है। प्रमुख व्यापार और रेयर अर्थ डील पर हस्ताक्षर किए, और कल, सबसे



महत्वपूर्ण बात- थाईलैंड और कंबोडिया के बीच शांति संधि पर हस्ताक्षर किए। कोई युद्ध नहीं! लाखों लोगों की जान बच गई। यह सब कर पाना बहुत सम्मान की बात है। अब, जापान के लिए रवाना हो रहा हूं।"

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप सोमवार को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 5 बजे टोक्यो पहुंचेंगे। टोक्यो पहुंचने पर, वह इंपीरियल पैलेस में जापानी सम्राट नारुहितो के साथ शिष्टाचार भेंट करेंगे। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति जापान यात्रा के दौरान वहां की नवनिर्वाचित कंजर्वेटिव प्रधानमंत्री साने ताकाइची से भी बातचीत करेंगे। मलेशिया से, अमेरिकी राष्ट्रपति जापान और फिर दक्षिण कोरिया जाएंगे।

## नेपाल में अधिक ऊंचाई पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने से चार की मौत



**नेपाल**

**हिमालयी** राष्ट्र नेपाल के पश्चिमी भाग में अलग-अलग घटनाओं में चार नेपाली कुलियों और पर्वतारोहियों की ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के कारण मृत्यु हो गई। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कुली दिल बहादुर गुरुंग और सामगा घाले तथा पर्वतारोही राम बहादुर थापा मगर की गंडकी प्रांत के मनांग जिले में मृत्यु हो गई। गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गुरुंग और घाले विदेशी पर्वतारोहियों का सामान ढो रहे थे, तभी उन्हें ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या हो गई और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। राम बहादुर मगर एक ट्रेक से लौटने के बाद अपने होटल के कमरे में मृत पाए गए। इसी तरह की एक घटना में, एनडीआरआरएमए के अनुसार, कास्की जिले के अन्नपूर्णा बेस कैंप क्षेत्र में ट्रेकिंग के दौरान ऊंचाई संबंधी बीमारी से पीड़ित नेपाली नागरिक सूरज मान श्रेष्ठ की शनिवार को उस होटल में मृत्यु हो गई, जहां वह ठहरे हुए थे। इसी प्रकार, उत्तरी कंचनजंगा पर्वत के बेस कैंप की ट्रेकिंग से लौट रहे 31 वर्षीय एक स्पेनिश नागरिक को शनिवार को ऊंचाई संबंधी स्वास्थ्य समस्या हो गई। उन्हें ताप्लेजंग जिले के फक्तांगलुंग गांव के एक अतिथिगृह से बचाया गया, जहां वह आराम कर रहे थे। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें उसी दिन इलाज के लिए काठमांडू पहुंचाया। कास्की जिले का अन्नपूर्णा क्षेत्र और उत्तरी नेपाल का मस्तंग जिला, दोनों ही इस समय ट्रैकिंग के लिए आने वाले हजारों देशी-विदेशी पर्यटकों से गुलजार हैं।

## मलेशिया के पीएम संग नाचते-नाचते ट्रंप ने अब इस देश पर ठोक दिया 10% का टैरिफ

**कनाडा**

**मलेशिया** की राजधानी क्वालालंपुर के एयरपोर्ट पर उतरते ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप थिरकने लगे। इसे ट्रंप का फेमस डांस स्टेप बताया जाता है। अक्सर ट्रंप को इस तरह थिरकते देखा गया है। 23 घंटे की लंबी फ्लाइट के बाद 79 साल के ट्रंप तरो ताजा नजर आए। लेकिन इसी दौरान एक देश के लिए अमेरिका से बुरी खबर भी आई। कनाडा पर ट्रंप ने 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ का ऐलान कर दिया। ओंटारियो के ह्यप्रीमियरह्व डग फोर्ड ने कहा था कि वह सप्ताहांत के बाद इस विज्ञापन को हटा देंगे और यह विज्ञापन शुक्रवार रात को वर्ल्ड सीरीज के पहले मैच के दौरान प्रसारित किया गया था।



दरअसल, हुआ ये कि कनाडा में एक विज्ञापन चला जो ट्रंप को पसंद नहीं आया। उन्होंने सिर्फ एक विज्ञापन के चलते कनाडा पर 10 % अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया। इस विज्ञापन में पूर्व राष्ट्रपति और रिपबल्किन आइकन रोनाल्ड रीगन

### दुनिया हैरान!

का एक वीडियो क्लिप दिखाया गया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि टैरिफ, व्यापार और आर्थिक युद्धों का कारण बनते हैं। ट्रंप ने इसे गलत और भ्रामक बताया। इसके जवाब में बड़ा कदम उठाते हुए कनाडा पर 10 % अतिरिक्त टैरिफ लगा दिया। ट्रंप ने अपने ट्रूथ सोशल प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए लिखा कि शत्रुतापूर्ण कृत्य की वजह से कनाडा पर मौजूदा दरों से 10 % का टैरिफ बढ़ा रहा हूं। उन्होंने ये घोषणा ऐसे वक्त में की है जब कनाडा के साथ चल रही व्यापार वाताओं को भी इसी विज्ञापन की वजह से रोक दिया था।

कई कनाडाई उत्पादों पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाया गया है जबकि इस्पात और एल्युमीनियम पर 50 प्रतिशित शुल्क लगाया गया है। ऊर्जा उत्पादों पर 10 प्रतिशत शुल्क है जबकि अधिकतर वस्तुएं अमेरिका-कनाडा-मेक्सिको समझौते के अंतर्गत आती हैं और शुल्क से मुक्त हैं। ट्रंप और कार्नी दोनों मलेशिया में दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे लेकिन ट्रंप ने उनके साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों से कहा कि उनका वहां कार्नी से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं है। ट्रंप ने कहा कि दो बार राष्ट्रपति रहे रीगन के रुख को विज्ञापन में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है।

## हवाई यातायात नियंत्रकों की कमी के कारण लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ानें रोकीं

**अमेरिका**

**अमेरिका** के दक्षिणी कैलिफोर्निया हवाई यातायात केंद्र में कर्मियों की कमी के कारण लॉस एंजिलिस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरने वाले विमानों को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने शिकागो, वाशिंगटन और नेवार्क (न्यू जर्सी) में भी कर्मियों के कारण विमान परिचालन में देरी की सूचना



दी। एफएए ने विश्व के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन पर अस्थायी रोक लगा दी।

इसके तुरंत बाद अमेरिकी परिवहन मंत्री सीन डफी ने अनुमान जताया कि आने वाले दिनों में और अधिक उड़ानों में देरी हो सकती है या उन्हें रद्द किया जा सकता है क्योंकि देश के हवाई यातायात नियंत्रक संघीय सरकार के ह्यशटडाउनह्व के दौरान बिना वेतन के काम कर रहे हैं।

डफी ने ह्यफॉक्स न्यूजह्व के कार्यक्रम ह्यसंडे मॉर्निंग फ्यूचर्सह्व में कहा कि कई नियंत्रक बीमार होने की सूचना दे रहे हैं, क्योंकि पैसे की चिंता ने पहले से ही चुनौतीपूर्ण नौकरी में तनाव को और बढ़ा दिया है।

# पाकिस्तान के मन में बैठ गया है भारत का डर

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** ने एक बार फिर अपने हवाई क्षेत्र में तथाकथित ऑपरेशनल बदलाव का एलान किया है। पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने 28 अक्टूबर 2025 से कराची और लाहौर क्षेत्र के उड़ान मार्गों में संशोधन की घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम ह्लहवाई सुरक्षा और प्रभावी प्रबंधनह्व के लिए है। लेकिन सवाल यह है कि जब यह परिवर्तन केवल एक दिन के लिए, यानी 29 अक्टूबर सुबह 9 बजे तक लागू रहना है, तो क्या यह वास्तव में मात्र तकनीकी बदलाव है या किसी गहरे सैन्य भय का परिणाम?

सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय भारत की "Tri-Series" संयुक्त सैन्य कवायद के मद्देनजर लिया गया है, जिसमें थल, जल



और वायु सेना का संयुक्त अभ्यास होना है। पाकिस्तान को यह आशंका है कि भारत इस दौरान नया हथियार परीक्षण या रणनीतिक अभ्यास कर सकता है। यानी ह्लहवाई सुरक्षाह्व के नाम पर पाकिस्तान असल में अपनी सैन्य असुरक्षा को ढकने की कोशिश कर रहा है।हम आपको बता दें कि PAA द्वारा जारी NOTAM (Notice to Airmen) में कहा गया है कि नया रूट 28 अक्टूबर सुबह 5:01 बजे (PKT) से लागू होगा और 29 अक्टूबर सुबह 9:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। हालांकि पाकिस्तान ने इसे ह्लसामान्य परिचालन कारणोंह्व से जोड़ने की कोशिश की, लेकिन भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सामरिक विश्लेषक इसे भारत के प्रति डर और संवेदनशीलता से जोड़कर देख रहे हैं।

पिछले कुछ महीनों से दोनों देशों के बीच हवाई मार्ग विवाद बढ़ा है। मई 2025 में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद की सीमा-पार तनाव के चलते पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को कई बार बंद किया। भारत ने भी इसका जवाब समान प्रतिबंधों के रूप में दिया।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# मार्को रूबियो ने खोली ट्रंप की पोल, पाकिस्तान पर कर दिया बड़ा दावा!

### मार्को रूबियो की तरफ से कहा गया कि भारत पाकिस्तान के रिश्ते को लेकर भारत को कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन क्या ये रूस पर निशाना साधा गया है? अमेरिका के कहने के बावजूद भी रूस से तेल खरीदना जारी रखा गया है

**पाकिस्तान**

**अब** तक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान को एक तराजू में तोल रहे थे, समकक्ष बताने की कोशिश कर रहे थे। लगातार बराबार दिखाने की कोशिश कर रहे कि भारत और पाकिस्तान बराबर है। आईएमएफ से लोन दिलवाने में अमेरिका मदद कर रहा है। वर्ल्ड बैंक से लोन दिलवाने में भी मदद कर रहा है। साथ ही साथ हथियारों को सरही सलामत रखने के लिए भी पैसा दे रहा है। बलूचिस्तान से रेयर अर्थ मिनिरल्स की भी डील कर रहा है। अब तक भारत पाकिस्तान को लेकर डोनाल्ड ट्रंप बयानबाजी कर रहे थे। लेकिन अब उनके विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी सामने आए हैं। उनका एक बयान काफी चर्चा में है। मार्को रूबियो की तरफ से कहा गया



कि भारत पाकिस्तान के रिश्ते को लेकर भारत को कोई दिक्कत नहीं है। लेकिन क्या ये रूस पर निशाना साधा गया है? अमेरिका के कहने के बावजूद भी रूस से तेल खरीदना जारी रखा गया है।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ किया कि अमेरिका भारत से दोस्ती की कीमत पर पाकिस्तान के साथ रिश्ते नहीं बढ़ाना चाहता है। कुआलालंपुर में आसियान की बैठक के लिए जाते समय पत्रकारों से बातचीत में रूबियो ने कहा, भारत और अमेरिका के संबंध ऐतिहासिक और परिपक्व हैं। हाल में अमेरिका और पाकिस्तान के बढ़ते संबंधों पर रूबियो ने स्पष्ट किया कि हम कई देशों के साथ संबंधों को बढ़ाने का अवसर देख रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत व्यवहारिक विदेश नीति के सभी पक्षों को भली-भांति समझता है।

रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर उन्होंने कहा, भारत ने अपने दूसरे देशों से तेल खरीद की इच्छा जताई है। ऐसा करना अच्छा कदम है। भारत अमेरिका से भी तेल की खरीद कर सकता है। ट्रेड डील से जुड़े सवाल पर रूबियो ने कहा, वे इससे सीधे जुड़े हुए नहीं हैं।

रुबियो ने कहा कि उन्हें (भारत को) समझना होगा कि हमें कई अलग-अलग देशों के साथ संबंध रखने है। इन मामलों में भारतीय बहुत परिपक्व है। उनके भी कुछ ऐसे देशों से रिश्ते हैं, जिनके साथ हमारे रिश्ते नहीं हैं। यह परिपक्व, व्यावहारिक विदेश नीति का हिस्सा है। रुबियो सोमवार को क्वालालंपुर में विदेश मंत्री जयशंकर से मिलने वाले है। रूस से तेल खरीद पर रुबियो ने कहा कि भारत ने पहले ही कच्चे तेल की खरीद में विविधता लाने की इच्छा जताई है। हम उन्हें जितना ज्यादा बेचेंगे, वे किसी और से उतना ही कम खरीदेंगे। हम देखेंगे कि आगे इस पर क्या नतीजा निकलता है। दोनों देशों के बीच व्यापार मुद्दा है। भारत हमेशा हमारा मित्र रहेगा।